RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 98 पेजः 8 मूल्य 01 रु.

जयपुर, शनिवार 4 नवंबर, 2023

Email: garibonkasitara@gmail.com

**सुविचार**

लंबी छलांगों से कही बेहतर है, निरंतर बढ़ते कदम जी एक दिन आपको मंजिल तक ले जाएंगे।

## अफगानिस्तान की वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी जीत



**लखनऊ।** अफगानिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शुक्रवार को नीदरलैंड को 7 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। 180 रन का टारगेट अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने 31.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत से अफगानिस्तान सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। टीम 7 मैचों में चौथी जीत से पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है। अफगानिस्तान की झोली में 8 अंक हैं। टीम ने पिछले 2 मुकाबलों में श्रीलंका को 7 और पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया था।

## नेपाल में 6.4 तीव्रता का भूकंपःदिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, एमपी-यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में तेज झटके

**नई दिल्ली।** नेपाल में शुक्रवार रात 11:32 बजे 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और बिहार की राजधानी पटना में भी महसूस किए गए। इसका केंद्र नेपाल में काठमांडू से 331 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 10 किलोमीटर जमीन के नीचे था। अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। पिछले महीने भी दिल्ली-ठउफ में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गई थी। नेपाल में 2015 में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 12000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। इसमें करीब 5 लाख मकानों को नुकसान पहुंचा था।



### जल जीवन मिशन घोटाले में कार्रवाई

# मंत्री जोशी-सीनियर IAS अग्रवाल के ठिकानों पर ED के छापे

## महेश जोशी के ऑफिस से कई हार्ड डिस्क जब्त

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर/दौसा।** जल जीवन मिशन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने जलदाय विभाग के मंत्री महेश जोशी के ऑफिस और एडिशनल चीफ सेक्रेटरी सुबोध अग्रवाल समेत कई अधिकारियों के घर पर रेड की है। राजस्थान में 6 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की गई। शुक्रवार सुबह हुई छापेमारी के बाद अधिकारियों और ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। सुबह करीब 8 बजे ईडी की तीन टीमें सचिवालय पहुंची और सुबोध अग्रवाल के ऑफिस में सर्च करना शुरू किया। सुबोध अग्रवाल राजस्थान के तीसरे सबसे सीनियर आईएएस हैं। गांधी नगर स्थित जलदाय विभाग के एक सीनियर अधिकारी के घर पर भी ईडी की टीमों ने सर्च किया। पीएचईडी मंत्री महेश जोशी के सचिवालय स्थित कार्यालय में कार्रवाई हुई है। ईडी ने जोशी के कार्यालय से कुछ हार्ड डिस्क जब्त की हैं। ED ने प्रॉपर्टी कारोबारी संजय बड़ाया के करीबी प्रॉपर्टी डीलर रामवतार शर्मा के यहां से 45 लाख रुपए कैश सीज किए हैं। ठेकेदार पदमचंद जैन और अन्य के बैंक खाते में 1.75 करोड़ रुपए सीज किए हैं।



इनके अलावा विभाग से जुड़े चीफ इंजीनियर केडी गुप्ता, इंजीनियर दिनेश गोयल, एक्सईएन संजय अग्रवाल के ऑफिस सहित अन्य ठिकानों पर भी फिलहाल टीम सर्च कर रही है। टीम की छापेमारी की सूचना मिलने पर यह सभी सीनियर अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचे हैं। बता दें कि करीब 2 महीने पहले भी ईडी ने जयपुर में अलग-अलग जगह रेड मारी थी। सर्च के दौरान ढाई करोड़ रुपए कैश और सोने की ईंट मिली थीं। ईडी को प्रॉपर्टी कारोबारी संजय बड़ाया और कल्याण सिंह कविया के घर से कई दस्तावेज भी मिले थे। इसके बाद सीनियर आईएएस अधिकारी (जलदाय विभाग के ACS) सुबोध अग्रवाल का नाम सामने आया था। दो महीने पहले हुई रेड में कल्याण सिंह कविया के घर से ब्यूरोक्रेट्स और राजनेताओं के नामों से रजिस्टर्ड जमीनों के कागजात मिले थे। कविया जयपुर के वैशाली नगर, करणी पैलेस रोड, गांधी पथ सहित कई इलाकों में प्रॉपर्टी का बिजनेस करता है।

## राजस्थान में बजरी कारोबारियों पर इनकम टैक्स की रेड

### रडार पर निलेश गढ़िया ग्रुप, 21 से अधिक ठिकानों पर चल रहा सर्च

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** राजस्थान में आयकर इन्वेस्टिगेशन विंग की टीमों ने बजरी व्यापारियों के 21 से अधिक ठिकानों पर रेड की है। छापेमारी बजरी कारोबारी निलेश गढ़िया ग्रुप और उसके सहयोगी समूहों के ठिकानों पर चल रही है। जयपुर में निलेश गढ़िया के एनआरआई कॉलोनी स्थित घर और जगतपुरा स्थित ऑफिस पर आईटी की टीम सर्च कर रही हैं। जानकारी के अनुसार आईटी की टीमें जयपुर, कुचामन और अजमेर में छापेमारी कर रही है। आयकर विभाग को इस रेड के दौरान कई तरह की अनियमितता मिली हैं।

आयकर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार निलेश गढ़िया के सहयोगी ग्रुपों में गोदारा ग्रुप, इंजीनियर एंड इंजीनियर ग्रुप और शशिपाल कुमावत ग्रुप पर आयकर विभाग छापे की कार्रवाई कर रहा है। निलेश के तार फास्फेट माइंस के कई अन्य कारोबारों से भी जुड़े हैं। इस ग्रुप की जानकारी जयपुर में कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब निर्माण के दौरान सामने आई थी। बनास नदी से बजरी उठाने का ठेका इस ग्रुप के पास है। आयकर विभाग को जानकारी मिली थी कि प्रदेश में बजरी खनन करने वाले कुछ ही ग्रुप हैं। ये ग्रुप सरकार को 100 रुपए प्रति टन के हिसाब से पैसा देते हैं। ये लोग आमजन से 750 रुपए प्रति टन के हिसाब से चार्ज करते हैं।

## ED का गिरफ्तार एजेंट के हवाले से दावा

### महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटर्स ने CM बघेल को दिए 508 करोड़ रुपए



**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा है कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटरों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपए का भुगतान किया था। एऊ ने यह दावा- गुरुवार को गिरफ्तार किए गए कैश कूरियर असीम दास के हवाले से किया है। साथ ही एऊ ने कहा है कि अब इसकी जांच की जा रही है।



ED ने गुरुवार को कूरियर असीम दास उर्फ बप्पा दास के पास से 5.39 करोड़ रुपए बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप और उसके प्रमोटरों की ED मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के तहत जांच कर रही है। एऊ ने प्रेस रिलीज कर इसका दावा किया है। असीम दास और उसके साथी कॉन्स्टेबल भीम सिंह यादव को रायपुर की विशेष अदालत में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 7 दिन की एऊ की रिमांड पर भेज दिया है। अब अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी।

**कॉन्स्टेबल 3 बार दुबई गया, वहां महादेव ऐप के प्रमोटर्स से मिला:** ED के वकील ने कहा कि भीम सिंह यादव सुपेला पुलिस में कॉन्स्टेबल है। हमें जानकारी मिली थी कि वह 3 बार दुबई गया था। 2 यात्राओं में वह महादेव ऐप के प्रमोटर्स से भी मिला। उसकी बुकिंग भी इन लोगों ने ही कराई थी। इसके अलावा जो पैसा आया है वह भी इलेक्शन के समय में पॉलिटिकल पार्टी को डिस्ट्रिब्यूट हो रहा था।







| पूर्वानुमान> | शनि | रवि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| 20° अधिकतम> | 26°c | 26°c | 27°c | 26°c |
| न्यूनतम> | 21°c | 20°c | 21°c | 20°c |

# उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद बैरवा, चंद्रमोहन मीणा और कैलाश वर्मा के समर्थन में नामांकन सभाओं को किया संबोधित

**कहा : कांग्रेस सरकार के रावण राज का अंत होगा, भाजपा के रामराज्य की स्थापना होगी**

**कल 4 नवंबर को चौमूं में विधायक रामलाल शर्मा की नामांकन सभा में शामिल होंगे सतीश पूनियां**

**राजस्थान के सम्मान और स्वाभिमान के लिये हम सब मिलकर प्रत्येक बूथ पर नरेंद्र मोदी बनकर काम करें और मजबूती से भाजपा की सरकार बनाएं : डॉ. पूनियां**

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव में प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां नामांकन सभाओं में शामिल होकर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनाने का आह्वान कर रहे हैं। सतीश पूनियां ने आज दूदू, बस्सी, बगरू की नामांकन सभाओं में सम्मिलित होकर भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद बैरवा, चंद्रमोहन मीणा और कैलाश वर्मा को प्रचंड बहुमत से विजय बनाने की अपील कर राजस्थान में तीन चौथाई बहुमत की भाजपा सरकार बनाने और 2024 में लोकसभा की सभी 25 सीटें एक बार फिर



भाजपा को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। सतीश पूनियां ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन सभाओं में उमड़ रहा विशाल जनसैलाब बता रहा है कि दूदू, बगरू और बस्सी से लेकर पूरे राजस्थान में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी, जन विरोधी कांग्रेस सरकार के रावण राज का अंत होगा और भाजपा के रामराज्य की स्थापना होगी। कांग्रेस सरकार ने रीट सहित तमाम परीक्षाओं के पेपर लीक से प्रदेश के युवाओं के सपनों को तोड़ा, कर्जमाफी के नाम पर वादाखिलाफी कर किसानों के साथ धोखा किया और पांच सालों से कानून व्यवस्था की हालत इतनी बिगड़ी हुई है कि प्रदेश में कहीं भी आमजन और बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, जंगल राज जैसे हालात बने हुए हैं, ऐसे में राजस्थान के सम्मान और स्वाभिमान के लिये हम सब मिलकर प्रत्येक बूथ पर नरेंद्र मोदी बनकर काम करें और मजबूती से भाजपा की सरकार बनाएं, जो विकसित और समृद्ध राजस्थान बनाने के लिये मजबूती से कार्य करेगी।

## बन्नाराम मीना, भाजपा प्रत्याशी अपने हजारो कार्यकर्ताओ के साथ आज भरेंगे नामांकन पत्र और डाक्टर किरोड़ीलाल मीना के सानिध्य मे होगी विशाल जनसभा

***भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना के समर्थन मे डॉक्टर किरोड़ीलाल मीना व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा नायाब सैनी करेंगे तुषार गार्डन मे विशाल जनसभा को सम्बोधित***



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना,** अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना आज राजगढ निर्वाचन कार्यालय मे बीजेपी सिम्बल से विशाल रैली निकाल कर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। बीजेपी प्रत्याशी बन्नाराम मीना ने बताया कि गणेश पोल राजगढ से गणेश जी महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना कर तहसील परिसर राजगढ तक विशाल नामांकन पत्र दाखिला रैली निकाली जायेगी जिसमे हमारे हजारो कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे और निर्वाचन कार्यालय मे जाकर कार्यकर्ताओ की मौजदूगी मे नामांकन पत्र बीजेपी सिम्बल पर भरा जायेगा। बीजेपी प्रत्याशी बन्नाराम मीना ने यह भी बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद बीजेपी स्टार प्रचारक डाक्टर किरोड़ीलाल मीना और हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायाब सैनी द्वारा विशाल महा जनसभा को सम्बोधित किया जायेगा। भाजपा प्रत्याशी मीना के समर्थको ने पूरे क्षेत्र मे इसके लिए गुरुवार , शुक्रवार को आमजन के साथ प्रचार प्रसार किया और विशाल नामांकन पत्र दाखिल रैली मे व विशाल जनसभा मे जाने के लिए निमन्त्रण दिया है। मिडिया को यह सारी जानकारी बीजेपी कार्यकर्ताओ द्वारा दी गई है।

**4 जुआरियों की किया गिरफ्तार**

## कौलारी थाना पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ की कार्यवाही

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सैंपऊ/अंकित गोयल।** धौलपुर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार आई.पी.एस. के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ओमप्रकाश मीणा आरपीएस व बाबूलाल मीणा वृताधिकारी वृत सैंपऊ के निकटम सुपरवीजन में थानाधिकारी थाना कौलारी मय जाप्ता द्वारा लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही करते हुए मुल्जिम प्रेमसिंह पुत्र विजयसिंह जाति कुशवाह उम्र 25 साल निवासी मानपुरियान का पुरा थाना कौलारी, रामवरन पुत्र अमीरी जाति कुशवाह उम्र 45 साल निवासी मानपुरियान का पुरा थाना कौलारी जिला धौलपुर, सुन्दर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह जाति कुशवाह उम्र 38 साल निवासी मानपुरियान का पुरा थाना कौलारी व मंगो उर्फ मंगल सिंह पुत्र होरी लाल जाति कुशवाह उम्र 46 साल निवासी पतराम का पुरा थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार की 5220 रुपये मय जुआ उपकरण जब्त करने में सफलता प्राप्त की गयी पुलिस टीम का विवरण मानसिंह उप निरीक्षक थानाधिकारी, सत्यप्रकाश सहायक उपनिरीक्षक, देवेन्द्र सिंह कान्स्टेबल, गौतम, वेदप्रकाश, हेमन्त, कुम्हेर, प्रदीप कुमार, भूपेन्द्र सिंह थाना कौलारी पुलिस मौजूद रही



## ईवीएम तैयार करने वाले कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों की कड़ी में जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में शुक्रवार ईवीएम तैयार करने वाले कार्मिकों (प्रिपेट्री स्टाफ) को प्रशिक्षण दिया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए ईवीएम तैयार करने वाले 650 से ज्यादा कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में कार्मिकों को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी पहलुओं से रूबरू करवाया गया है। साथ, सम्पूर्ण सर्तकता एवं सावधानी से चुनावी कार्य को संपादित करने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर 2023 को भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान परिसर, राजस्थान विश्वविद्यालय एवं जामिया तुल हिदाया परिसर से मतदान दल रवाना होंगे एवं 25 नवंबर को जयपुर स्थित राजस्थान कॉलेज एंव कॉमर्स कॉलेज परिसर में ईवीएम एवं वीवीपैट जमा किये जाएंगे। शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में ईवीएम वितरित करने वाले एवं जमा करने वाले कार्मिकों को भी प्रशिक्षण दिया गया है।

## सनातन की दुश्मन शक्तियों को नेस्तनाबूद करेंगे, भाजपा प्रचण्ड बहुमत से सत्ता में आएगी : मनोज तिवारी

***पुष्कर के निर्दलीय पार्षद रवि बाबा सहित विभिन्न समाजों से आए करीब 100 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की***

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और नई दिल्ली सांसद मनोज तिवारी ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में पुष्कर के निर्दलीय पार्षद रवि बाबा सहित विभिन्न समाजों से आए लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों में रामस्नेही समाज के धीरज राम रामस्नेही, ब्रह्म गायत्री तीर्थ पुष्कर के सचिव राकेश पाराशर, पाराशर समाज पुष्कर के सचिव गिर्राज पाराशर, पुष्कर ब्रह्मा मंदिर के पुजारी जुगल वशिष्ठ, मोतिसर सरपंच के परिवार से प्रदीप रावत और



पुष्कर सैन समाज के महासचिव मनोज सैन सहित करीब 100 लोगों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष



और नई दिल्ली सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि संत परम्परा से आए लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाने का अवसर मिला। हम सभी सनातन की दुश्मन शक्तियों को नेस्तनाबूद करेंगे। राजस्थान में होने वाले चुनावों में भाजपा प्रचण्ड बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी मांगेलाल मीना ने समर्थको के साथ क्षेत्र के दर्जनों गांवो मे किया प्रचार-प्रसार

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना ।** अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने शुक्रवार को दर्जनो गांवो का दौरा कर कांग्रेस का प्रचार प्रसार किया और अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील की। मिडिया को आरडी मीना बैरावण्डा के द्वारा बताया कि माचाड़ी, ईशवाना, बुचपुरी, सालोली, भुलेरी, जामडोली आदि गांवों में जनसंपर्क करते हुए अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील की। रैणी प्रधान मीरा देवी ने भी अपने पति मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष मे मतदान करने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र मे प्रधान मीरा देवी का महिलाओं द्वारा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।





## पंचाग

**दिनांक:-04 नवम्बर 2023 शनिवार**

**विक्रम संवत2080 कार्तिक कृष्ण पक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | सप्तमी | 24:58:54 | |
| पक्ष | कृष्ण | | |
| नक्षत्र | पुनर्वसु | 07:56:05 | |
| योग | साध्य | 13:01:17 | |
| करण | विष्टि भद्र | 11:58:53 | |
| करण | बव | 24:58:54 | |
| चन्द्र राशि | कर्क | | |
| सूर्य राशि | तुला | | |
| दिशा शूल | पूर्व | | |
| सूर्योदय( जयपुर ) | | 06:39:29 | |
| सूर्यास्त | 17:40:55 | | |
| चंद्रोदय | 23:15:43 | | |
| चंद्रास्त | 12:42:35 | | |
| राहू काल | 09:25 - 10:48 | | |
| अभिजित | 11:48 - 12:32 | | |
| | **शुभ चोघडिया** | | |
| शुभ | 08:02 - 09:25 | | शुभ |
| चर | 12:10 - 13:33 | | शुभ |
| लाभ | 13:33 - 14:56 | | शुभ |
| अमृत | 14:56 - 16:18 | | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

**विधानसभा आम चुनाव-2023**

## जयपुर जिले में 5 दिनों में 60 प्रत्याशियों ने किये 78 नामांकन

**शुक्रवार को 32 उम्मीदवारों ने किये 39 नामांकन**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव-2023 के लिए नामांकन का दौर जारी है। शुक्रवार को 16 विधानसभा क्षेत्रों में 32 उम्मीदवारों ने 39 नामांकन पत्र जमा करवाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि अब तक जयपुर जिले के 19 में से 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 60 से ज्यादा प्रत्याशियों ने 78 नामांकन पत्र जमा करवाए हैं। शुक्रवार को 16 विधानसभा क्षेत्रों में 32 उम्मीदवारों ने 39 नामांकन पत्र जमा करवाए। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 10 प्रत्याशियों ने 12 नामांकन पत्र जमा करवाए हैं, वहीं, चौमूं एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र में अभी तक एक भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया है।

उन्होंने बताया कि नामांकन के पांचवें दिन विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस प्रत्याशी इंद्रराज सिंह गुर्जर एवं निर्दलीय प्रत्याशी धूणीलाल, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस प्रत्याशी मनीष यादव, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस प्रत्याशी विद्याधर सिंह एवं राष्ट्रीय जनता सेना के उम्मीदवार अमित कुमार, दूदू विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रेमचंद ने नामांकन किया। इसी प्रकार झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता सेना के प्रत्याशी नवीन कुमार शर्मा, जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी दीनदयाल जाखड़, निर्दलीय प्रत्याशी राजेश कुमार, आमेर विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मुकेश कुमार शर्मा, राजस्थान राज पार्टी के प्रत्याशी दूलीचंद सैनी, निर्दलीय प्रत्याशी हेमचंद सैनी एवं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी पी. एस. तोमर ने दो नामांकन पत्र जमा करवाए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी मीरा देवी, हवामहल विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अनूप, राष्ट्रीय जनता सेना के उम्मीदवार सुनील सैनी, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी संजय एवं एनजेएमपी प्रत्याशी सुशीला जांगिड़ ने नामांकन किया।

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी कंवर शेखावत, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रफीक खान खंडेलवी, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी उम्रदराज, राष्ट्रीय जनता सेना प्रत्याशी पुखराज गुप्ता, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी श्री कालीचरण ने 4 नामांकन पत्र जमा कराये। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भजन लाल शर्मा ने 2 नामांकन पत्र, बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी रामलाल चौधरी, निर्दलीय प्रत्याशी मंगलराम शर्मा, निर्दलीय प्रत्याशी विजय कुमार ने एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किये। उन्होंने बताया कि बगरू विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कैलाश चंद्र वर्मा ने 3 नामांकन पत्र जमा करवाए एवं राष्ट्रीय जनता सेना प्रत्याशी अमित कुमार ने नामांकन पत्र जमा करवाया। इसी तरह बस्सी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी चन्द्रमोहन मीणा, निर्दलीय प्रत्याशी रमेशचंद धानका एवं धन सिंह मीणा ने नामांकन किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज़ ब्रीफ

## किमती मोबाइल लौटकर दिया ईमानदारी का परिचय



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** कौन कहता है कि आज ईमानदारी मौजूद नहीं है।कस्बे के वेदांता स्कूल के पास एक व्यक्ति को मोबाइल सड़क पर पड़ा मिला । मिले मोबाइल को उसके मालिक को लौटाकर हनुमान सिंह बुरानियाँ ने ईमानदारी का परिचय दिया। हनुमान सिंह रास्ते से गुजर रहे थे इस दौरान उन्हें वेदांता स्कूल के पास यह मोबाइल पड़ा हुआ मिला। मोबाइल पर आए फोन कॉल के आधार पर हनुमान सिंह ने युवक को मौके पर बुलाकर उसका मोबाइल सौप दिया। लाखनी निवासी विकास कुमार मीणा पुत्र रामस्वरूप मीणा ने बताया कि वह किसी कार्य के लिए वेदांत स्कूल के पास आया था उसी दौरान जल्दी बाजी के चलते उसका मोबाइल जेब से गिर गया। स्कूल से कुछ दूर जाकर अपना मोबाइल संभाला तो जेब में नही मिला। राह चलते युवक से फोन लेकर पीड़ित ने अपने फोन पर रिंग कि और युवक ने फोन गुम होने की सारी घटना हनुमान सिंह को बताई। हनुमान सिंह ने ईमानदारी का परिचय देते हुए उसे मौके पर बुलाकर फोन लौटा दिया।

## उप जिला प्रमुख मंच पर हुए भावुक कहा मुझे राजनीति नहीं करनी

*उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल ने अपने कार्यकताओं के साथ की बैठक*





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल भाजपा का टिकट नहीं मिलने से नाराज सीकर उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल ने सीकर में अपने कार्यकताओं के साथ बैठक की। हालांकि उन्होंने अभी चुनाव लड़ने का फैसला होल्ड पर रखा है । धायल कहना है कि वह इस पर कल सोचकर बताएंगे।

वहीं भारतीय जनता पार्टी से टिकट नहीं मिलने से सीकर उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल भावुक होते नजर आए। कार्यकताओं की मीटिंग के दौरान उनकी आंखों से आंसू भी छलक पड़े` ताराचंद धायल ने भावुक होते हुए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे अब राजनीति नही करनी और न ही उन्हें कोई चुनाव लड़ना है ।ताराचंद धायल ने आरएलपी से टिकट लेकर चुनाव लड़ने वाले सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मुझे अभी आरएलपी या किसी दूसरी पार्टी से कोई बात नहीं हुई । धायल ने कहा कि मैंने बीजेपी का सिंबल लेने की पूरी कोशिश की लेकिन मुझे नहीं पता की पार्टी ने मेरा टिकट क्यों काट दिया है । उप जिला प्रमुख के समर्थनों ने चुनाव लड़ने को कहा। पर उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल ने कहा कि सुबह 10 बजे बाद मैं स्थिति स्पष्ट करूंगा कि मुझे चुनाव लड़ना है या नहीं

*घूसखोर सरपंच के खिलाफ चार्जशीट पेश:*

## साल भर पहले दुकान का नक्शा प्रमाणित करने के एवज में रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा था

**कोटा।** रिश्वत मांगने के करीब साल भर पुराने मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) स्पेशल यूनिट ने भरतपुर जिले की गोपालगढ़ पंचायत के सरपंच के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश की है। गोपालगढ़ पंचायत का सरपंच भगवान सिंह ने आबादी क्षेत्र में पंचायत से नक्शा प्रमाणित करवाने के एवज में पीड़ित से 35 हजार की रिश्वत मांगी थी। जिसे 9 सितंबर 2022 को कोटा देहात एसीबी की टीम ने 7 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था।




ACB स्पेशल यूनिट के एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार ने बताया कि परिवादी मुकेश कुमार दीक्षित निवासी गोपालगढ़ ने 2 सितंबर 2022 को एसीबी कोटा में परिवाद दिया था। जिसमें बताया था कि उसने एक दुकान बेची थी। जिसे वापस खरीदा था।आबादी क्षेत्र में होने के कारण पंचायत से नक्शा प्रमाणित करवाना था। दुकान का नक्शा प्रमाणित करने की एवज में सरपंच ने 60 हजार की रिश्वत मांगी। फिर 35 हजार में राजी हुआ।

शिकायत सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। जिसके बाद ACB ने ट्रेप करने के लिए जाल बिछाया। 9 सितंबर को आरोपी सरपंच ने रिश्वत की रकम लेकर पीड़ित को अपने घर बुलाया। रिश्वत की रकम लेते ही ACB की टीम ने उसे पकड़ किया। कार्रवाई के दौरान परिजनों ने विरोध किया। मौके का फायदा उठाकर आरोपी सरपंच ने रिश्वत की रकम इधर-उधर कर दी। उसके पास से 7 हजार बरामद किए थे। शासन सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से अभियोजन स्वीकृति मिलने के आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश की।

*हजारों लोगों के साथ रैली निकालकर दाखिल किया नामांकन पत्र*

# दांतारामगढ़: भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत किया नामांकन पत्र

*रिटर्निंग अधिकारी गोविंद सिंह भींचर को सौंपा नामांकन पत्र*

## रामगढ़ रोड़ पर भाजपा नेताओं ने विशाल जनसभा को किया संबोधित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़। (विनोद धायल)** राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है आज नामांकन प्रक्रिया के पांचवें दिन दांतारामगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत ने हजारों लोगों के साथ नामांकन रैली निकालकर रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत के साथ पूर्व मंत्री प्रेम सिंह बाजोर व कई भाजपा नेता साथ रहे और रिटर्निंग अधिकारी गोविंद सिंह भींचर को नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ ही विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा और सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व मंत्री प्रेम सिंह बाजोर सहित बीजेपी नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत ने कहा कि दांतारामगढ़ विधानसभा से अब तक भाजपा अपना कमल नहीं खिला पाई है लेकिन इस बार जनता ने परिवर्तन करने की ठान रखी है और निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी बहुमत के साथ यहां पर विजय होगी और जो विकास कार्य पिछले 70 सालों में कांग्रेस पार्टी ने नहीं करवाए वह विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में किए जाएंगे। नामांकन रेली में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सहित विधानसभा क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।







## कांग्रेस सरकार की कोई गारंटी नहीं, फिर भी अशोक गहलोत कर रहे हैं झांसेबाजी का ड्रामा : सीपी जोशी

*कहा : हार के भय से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत घबराहट और हड़बड़ाहट में लगा रहे हैं मनगढ़ंत झूठे आरोप*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रदेश की जनता को सात गारंटी देने वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि झांसेबाज अशोक गहलोत सरकार ने पिछले पांच वर्षों में सिर्फ सत्ता बचाने की गारंटी रखी। इनकी वास्तविक सात गारंटी किसानों के साथ कर्ज माफी का धोखा, महिला दुष्कर्म और अत्याचार, युवाओं के रोजगार माफियाओं को बेचना, कुशासन, खनन माफियाओं को पनपाना, सभी विभागों में भ्रष्टाचार रहे हैं। इनकी गारंटी चाइनीस खिलौनों जैसी है, जो कभी भी टूट सकती है। सीपी जोशी ने कहा कि इनकी वादाखिलाफी प्रदेश की जनता देख चुकी है। अब ये जो सात गारंटियों की बात कर रहे हैं, यह सिर्फ झांसेबाजी का ड्रामा है। 3 दिसंबर को इस सरकार की विदाई तय है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के चेहरे पर अभी से हार को घबराहट नजर आने लगी है। सीपी जोशी ने कहा कि ईआरसीपी के मुद्दे पर गहलोत सरकार ने पिछले पांच वर्षों में क्या कार्य किया। कांग्रेस इसे सिर्फ चुनावी मुद्दा बना रही है। ईआरसीपी पर गहलोत सरकार कभी संवेदनशील नहीं रही। मध्य प्रदेश सरकार से कितनी मीटिंग की? भाजपा सरकार के द्वारा बनाए गए प्रपोजल को आगे बढ़ाने में कितनी रुचि दिखाई? मध्यप्रदेश में जब कांग्रेस की कमलनाथ सरकार थी, तब ईआरसीपी योजना पर पत्र लिखकर आपत्ति जताई थी, उस समय गहलोत सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास क्यों नहीं किया। इनकी लापरवाही से ही यह प्रोजेक्ट अटका है और अब इस पर राजनीति कर रहे हैं, लेकिन भाजपा जो कहती है वह करती है। सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रधानमंत्री पर वादा खिलाफी का मिथ्या आरोप लगाते हैं। उन्हें अपनी गिरेबां में झांक कर देखना चाहिए। उन्होंने पांच वर्षों में सिर्फ झांसेबाजी और झूठी घोषणाएं करने का काम किया है। वे एक भी योजना या कार्य बताएं जो उनकी सरकार ने पूर्ण किया हो। अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने से जनता का वोट नहीं मिलता। उसके लिए काम करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता का आशीर्वाद बार-बार मिलने का कारण उनकी योजनाएं और विकास कार्य हैं। प्रदेश की जनता मोदी गारंटी को मानती है। उन्होंने प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को देखा है। इन चुनावों में जनता का आशीर्वाद भाजपा को ही मिलेगा।



विधानसभा आम चुनाव : 2023

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ ईवीएम/वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों के तहत शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी 19 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान हेतु उपयोग में ली जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित की अध्यक्षता एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए रेंडमाइजेशन में जिले की सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आरक्षित रखी जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिले में कुल 4 हजार 681 मतदान केंद्रों के लिये कुल 5 हजार 608 ईवीएम एवं 6 हजार 74 वीवीपैट मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के तहत ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के नम्बर अनुसार राजनैतिक दलों की उपस्थिति में रखा गया। रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर पर उपलब्ध चुनाव आयोग के ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम पर की गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन की एक प्रति सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई है। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य में लगे कर्मचारियों को पूर्ण सावधानी बरतने के निर्देश दिये। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक कुमार शर्मा एवं उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी ऋतेश कुमार शर्मा सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

*डॉ अजय चौटाला बोले, राजस्थान की सरकार में होगी फतेहपुर की भागीदारी*

# नन्द किशोर महरिया ने हजारों समर्थकों के साथ भरा नामाकंन

*नामाकंन सभा एवं रैली में उमड़ा भारी जनसैलाब, महरिया बोले - मेरी जीत फतेहपुर की जनता की जीत होगी, लोगों ने अब बदलाव का मन बना लिया है*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी नन्द किशोर महरिया ने शुक्रवार को हजारों समर्थकों के साथ नामाकंन भरा। नामाकंन से पहले मुख्य बाजार के पास स्थित गढ़ परिसर में नामाकंन सभा का आयोजन किया गया। नामाकंन सभा में हजारों की तादाद में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग पहुंचे। सभा को संबोधित करने के बाद जेजेपी प्रत्याशी नन्द किशोर महरिया व जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय चैटाला हजारों लोगों के काफिले के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां पर रिटर्निंग अधिकारी कपिल उपाध्याय को नामाकंन प्रस्तुत किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ अजय चैटाला ने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक से युवाओं का भविष्य बर्बाद हुआ है। उन्होंनें प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। डॉ अजय चैटाला ने कहा कि इस बार फतेहपुर की जनता की भागीदारी राजस्थान सरकार में होगी। उन्होंने कहा कि जनता की जो प्यार भावना सामने आ रही है उससे यह स्पष्ट है कि यह सीट हम अच्छे मतों से जीत रहे है। सभा को संबोधित करते हुए नन्द किशोर महरिया ने कहा कि प्रदेश की जनता इस सरकार से त्रस्त हो चुकी है। पेपर लीक, दुष्कर्म सहित बहुत सारे बूरे कामों में सरकार ने प्रदेश को एक नंबर पर ला दिया है। महरिया ने कहा कि फतेहपुर में भ्रष्टाचार एवं तानाशाही चरम पर है। हर सरकारी महकमें में भ्रष्टाचार हो रहा है व जमकर तानाशाही चल रही है। अब भ्रष्टाचार एवं तानाशाही हटाने का काम करेंगे। महरिया ने कहा कि क्षेत्र की जनता का जिस तरह से प्यार, स्नेह मिल रहा है वो अकल्पनीय है। जनता ने अब बदलाव का मन बना लिया है। महरिया ने कहा कि मेरी जीत फतेहपुर की जनता की जीत होगी। जिस तरह से आज जन समर्थन मेरे पक्ष में आया है उससे मुझे विश्वास है कि यह चुनाव फतेहपुर की जनता जरूर फतेह करेगी। महरिया ने कहा कि आप सब लोग अपने आप को नन्द किशोर महरिया मानकर अगले 23 दिन जमकर मेहनत करों मैं पांच वर्ष आपके बीच रहकर सेवा करूंगा। नामाकंन सभा में हर समाज एवं हर वर्ग के लोगों ने शिरकत की। इसके अलावा सभा में सरपंच, पूर्व सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पार्षद एवं पूर्व पार्षद बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



**हर गांव - ढाणी एवं हर वार्डों से आएं लोग:** नन्द किशोर महरिया की नामांकन रैली में हजारों की संख्या में लोग आएं। फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव, हर ढाणी एवं फतेहपुर व रामगढ़ दोंनो शहरों के लोगों ने शिरकत की। जगह जगह पर लोगों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

## माकपा के प्रत्याशी कॉमरेड अमराराम ने भरा नामांकन पत्र

*कॉमरेड अमराराम ने दांतारामगढ़ विधानसभा से दाखिल किया नामांकन पत्र, CPIM की पोलिट ब्यूरो सदस्य वृंदा करात की मौजूदगी में भरा नामांकन पत्र*



सितारा न्यूज नेटवर्क



**दांतारामगढ़। (विनोद धायल)** राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है आज नामांकन प्रक्रिया के पांचवें दिन दांतारामगढ़ विधानसभा से माकपा के प्रत्याशी कॉमरेड अमराराम ने अपने कार्यकताओं के साथ नामांकन रैली निकालकर रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। माकपाके प्रत्याशी कॉमरेड अमराराम के साथ CPIM की पोलिट ब्यूरो सदस्य वृंदा करात व कई माकपा नेता साथ रहे और रिटर्निंग अधिकारी गोविंद सिंह भींचर को नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ ही रामगढ़ बाजार में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकताओं के साथ नामांकन रैली निकाली गई। कॉमरेड अमराराम ने कहा कि वर्तमान समय में युवा ही देश का भविष्य है। युवा इस देश की सरकार को बना भी सकते हैं और बिगाड़ भी सकते हैं। जो सरकार युवाओं को रोजगार और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराऐ युवाओं को उनकी सरकार बनानी चाहिए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

# आर्थिक संकट से बचने को युद्ध व संघर्ष का अंत जरूरी

सुस्त विकास दर का सामना कर रहे विश्व में जारी संघर्ष व युद्ध के चलते आर्थिक लाभ पर संकट और गहराएगा। कारोबार के बारे में सूचना देने वाली और शोध कंपनी डन एंड ब्रैडस्ट्रीट (डीएंडबी) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि वैश्विक स्तर पर जारी मौजूदा संघर्ष आर्थिक गतिविधियों के लिए खतरा पैदा करते हैं। इसके कारण औद्योगिक गतिविधियों के रूप में होने वाली वृद्धि प्रभावित होती है। कीमतों पर दबाव की चिंताएं बनी हुई हैं। भू-राजनीतिक संघर्षों के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रह सकती हैं। पश्चिम एशिया में अस्थिरता वैश्विक जिंस कीमतों में अनिश्चितता पैदा कर सकती है। अनाज और दालों में मुद्रास्फीति पहले से ही ऊंची बनी हुई है। विश्व में एक तरफ जहां साल भर से अधिक समय से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है, वहीं पश्चिम एशिया में इजराइल व आतंकी गुट हमास के बीच भी जंग चल ही रही है। इसके अलावा, अन्य आतंकवादी गतिविधियां, क्षेत्रीय संघर्ष, भू राजनीतिक तनाव, ट्रेड वार आदि अनेक चीजें हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। अमेरिका में वर्ष 2023 में मंदी की आशंका गहरा रही है। अगर मंदी आती है तो न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि शेयर व बॉन्ड बाजार पर भी गहरा असर पड़ेगा। कोरोना महामारी के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था की हालत पहले से ही खस्ता है, ग्लोबल जीडीपी 3 फीसदी के आसपास है, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, चीन आदि की जीडीपी दर अपेक्षा से बहुत नीचे है, बस भारत की जीडीपी उम्मीद जगाई हुई है। लेकिन युद्धरत विश्व, भूराजनीतिक तनाव, ट्रेडवार व संभावित अमेरिकी मंदी के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकती है। निजी खपत और निवेश के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पटरी पर जरूर आगे बढ़ रही है, पर आगे की राह उबड़खाबड़ है। डीएंडबी की रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक ऊर्जा और खाद्य कीमतों में अस्थिरता के कारण मुद्रास्फीति ऊंची बनी रहेगी। इस बीच, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संघर्ष की स्थिति के अधिक प्रभावी समाधान के लिए प्रतिरोधी क्षमता को मजबूत करने और कूटनीति में नयी जान फूंकने से जुड़े नए दृष्टिकोण को तलाशने की आवश्यकता है। मौजूदा वक्त में उपराष्ट्रपति की बात का इसलिए भी अधिक महत्व है क्योंकि यूक्रेन व रूस के बीच युद्ध खत्म करने में संयुक्त राष्ट्र के साथ वैश्विक कूटनीति भी विफल रही है। अमेरिका, चीन, जापान व भारत जैसी महाशक्तियों को इस युद्ध को समाप्त कराने में किसी भी प्रकार की कूटनीतिक सफलता नहीं मिली। सभी महाशक्तियों ने अपने-अपने हित ही साधे हैं। अब इजराइल व हमास के बीच जंग ने प्रतिशोध का रूप ले लिया है और इसके खत्म होने के आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में विश्व को निश्चित रूप से कूटनीति में नए समावेशी सर्वहिताय दृष्टिकोण लाने की जरूरत है। भारत का दृष्टिकोण सभी देशों की संप्रभुत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के साथ विवादों के शांतिपूर्ण हल और अंतरराष्ट्रीय नियमों के पालन पर जोर देता है। वसुधैव कुटुंबकम से प्रभावित भारतीय दृष्टिकोण विश्व के लिए भी अनुकरणीय है। इसी दृष्टिकोण में रूस व युक्रेन युद्ध और इजराइल व हमास जंग का हल भी है। वैश्विक आर्थिक समृद्धि व विकास के लिए सहअस्तित्व आधारित वैश्विक व्यवस्था चाहिए, न कि युद्ध व संघर्ष से लैस दुनिया।

# चुनावी चंदे में पारदर्शिता की जरूरत



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

2018 में चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा लेने का कानून बनाए जाने वक्त दावा किया गया था कि कालेधन पर रोक और भ्रष्टाचार पर लगाम की दृष्टि से राजनीतिक पार्टियां अब केवल निर्वाचन बॉन्ड के जरिए ही चंदा ले सकेंगी। 'महान्यायवादी' आर वेंकटरमणी शीर्ष अदालत में चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई से पहले केंद्र सरकार का पक्ष रखा है। इस लिखित दलील में कहा है कि देश की जनता को राजनीतिक दलों को चंदा कौन देता है, यह जानने का अधिकार नहीं है। चुनावी बॉन्ड चंदा देने का एक स्वच्छ जारिया है, इसलिए इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए जा सकते हैं। लेकिन चुनावी चंदे में पारदर्शिता आवश्यक है।

देश के विधि अधिकारी 'महान्यायवादी' आर वेंकटरमणी शीर्ष अदालत में चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई से पहले केंद्र सरकार का पक्ष रखा है। इस लिखित दलील में कहा है कि देश की जनता को राजनीतिक दलों को चंदा कौन देता है, यह जानने का अधिकार नहीं है। चुनावी बॉन्ड चंदा देने का एक स्वच्छ जारिया है, इसलिए इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए जा सकते हैं। महान्यायवादी ने संविधान के अनुच्छेद 19 (1-ए) के तहत नागरिकों को चुनावी धन का स्रोत जानने का अधिकार नहीं होने की दलील भी दी। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ कर रही है। इस मामले में विडंबना है कि इसी अदालत के ही 2003 में दिए, एक फैसले के अनुसार हर प्रत्याशी को बाध्य किया गया है कि वह अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी शपथ-पत्र में नामांकन देने के साथ दे। साफ है, कि मतदाताओं को आपराधिक छवि के उम्मीदवारों के बारे में जानने का हक तो है, लेकिन दलों के चंदे का स्रोत क्या है, इसे जानने का अधिकार नहीं है। महान्यायवादी ने तर्क दिया है कि उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास को जानने के अधिकार का मतलब यह नहीं है कि पार्टियों के वित्तपोषण के बारे में जानने का अधिकार भी है।

2018 में चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा लेने का कानून बनाए जाने वक्त दावा किया गया था कि कालेधन पर रोक और भ्रष्टाचार पर लगाम की दृष्टि से राजनीतिक पार्टियां अब केवल निर्वाचन बॉन्ड के जरिए ही चंदा ले सकेंगी। ये बॉन्ड एक हजार, 10 हजार, 1 लाख, 10 लाख और 1 करोड़ के गुणक में उपलब्ध हैं। इन्हें केवल भारतीय स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाओं से ही खरीदा जा सकेगा। खरीदार को बैंक खाते से भुगतान करना होगा। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने दावा किया था कि इस व्यवस्था के शुरू होने से देश में राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आ जाएगी। भारत का कोई भी नागरिक या संस्था ये बॉन्ड खरीद कर दलों को चंदा देने के लिए स्वतंत्र हैं। बॉन्ड पर दानदाता का नाम नहीं लिखा जाएगा। ये बॉन्ड खरीदे जाने के 15 दिन के भीतर किसी भी दल को दान के रूप में दिए जा सकेंगे। इस दान को लेने का हक केवल उन दलों को होगा, जिन्हें निर्वाचन आयोग की मान्यता के साथ एक प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले हों। इस प्रक्रिया पर असहमति जताते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने कहा था कि आम लोगों को यह कैसे पता चल पाएगा कि किस दल या उम्मीदवार को कितना चंदा किस व्यक्ति या कारोबारी से मिला है? आयोग ने सरकार द्वारा जनप्रतिनिधित्व कानून में किए गए उस बदलाव पर भी आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसमें राजनीतिक दल को बॉन्ड के जरिए ली गई धनराशि को ऑडिट रिपोर्ट में दर्शाने की बाध्यता खत्म कर दी है। ये प्रावधान 'वित्त विधेयक-2017' के जरिए किए गए हैं।

महान्यायवादी की दलील से साफ है कि सरकार राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता के हक में नहीं है। वित्त विधेयक-2017 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति या कंपनी



चेक या ई-पेमेंट के जरिए चुनावी बॉन्ड खरीद सकता है। ये बियरर चेक की तरह बियरर बॉन्ड होंगे। मसलन इन्हें दल या व्यक्ति चेकों की तरह बैंकों से भुना सकते हैं। चूंकि बॉन्ड केवल ई-ट्रांसफर या चेक से खरीदें जा सकते हैं, इसलिए खरीदने वाले का पता होगा, लेकिन पाने वाले का नाम गोपनीय रहेगा। अर्थशास्त्रियों ने इसे कालेधन को बढ़ावा देने वाला उपाय बताया था। क्योंकि इस प्रावधान में ऐसा लोच है कि कंपनियां इस बॉन्ड को राजनीतिक दलों को देकर फिर से किसी अन्य रूप में वापस ले सकती हैं। कंपनी या व्यक्ति बॉन्ड खरीदने पर किए गए खर्च को बही खाते में तो दर्ज करेंगी, लेकिन यह बताने को मजबूर नहीं रहेंगी कि उसने ये बॉन्ड किसे दिए हैं। यही नहीं सरकार ने कंपनियों पर चंदा देने की सीमा भी समाप्त कर दी है। बॉन्ड के जरिए 20 हजार रुपये से ज्यादा चंदा देने वाली कंपनी या व्यक्ति का नाम भी बताना जरूरी नहीं है, जबकि इसी सरकार ने कालेधन पर अंकुश लगाने की दृष्टि से राजनीतिक दलों को मिलने वाले नकद चंदे में पारदर्शिता लाने की पहल करते हुए आम बजट में इसकी सीमा 20000 रुपये से घटाकर 2000 रुपये कर दी थी।

केंद्र सरकार ने यह पहल निर्वाचन आयोग की सिफारिश पर की थी। आयोग ने इसके लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन का सुझाव दिया था। फिलहाल दलों को मिलने वाला चंदा आयकर अधिनियम 1961 की धारा 13 (ए) के अंतर्गत आता है। इसके तहत दलों को 20,000 रुपये से कम के नकद चंदे का स्रोत बताने की जरूरत नहीं है। इसी झोल का लाभ उठाकर दल बड़ी धनराशि को 20,000 रुपये से कम की राशियों में सच्चे-झूठे नामों से बही खातों में दर्ज कर कानून को ठेंगा दिखाते रहे हैं। इस कानून में संशोधन के बाद जरूरत तो यह थी कि दान में मिलने वाली 2000 तक की राशि के दानदाता की पहचान को आधार से जोड़ा जाता, जिससे दानदाता के नाम का खुलासा होता? किंतु ऐसा न करते हुए सरकार ने निर्वाचन बॉन्ड के जरिए उपरोक्त प्रावधानों पर पानी फेर दिया।

एक अनुमान के अनुसार लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। इस खर्च में बड़ी धनराशि कालाधन और आवारा पूंजी की होती है, जो औद्योगिक घरानों और बड़े व्यापारियों से ली जाती है। आर्थिक उदारवाद के बाद यह बीमारी सभी दलों में पनपी है। इस कारण दलों में जनभागीदारी निरंतर घट रही है। मसलन कॉरपोरेट फंडिंग ने ग्रास रूट फंडिंग का काम खत्म कर दिया है। इस वजह से दलों में जहां आंतरिक लोकतंत्र समाप्त हुआ, वहीं आम आदमी से दूरियां भी बढ़ती चली गईं। दल आम कार्यकर्ताओं की बजाय धनबलियों को उम्मीदवार बनाने लग गए हैं। नतीजतन लोकसभा और विधानसभाओं में पूंजीपति जनप्रतिनिधियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्तमान लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों की घोषित संपत्ति 10 हजार करोड़ रुपये (एक खरब) से अधिक है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स के मुताबिक, साल 2004 से 2015 के बीच हुए विधानसभा चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दलों को 2100 करोड़ रुपये का चंदा मिला हैं। इसका 63 प्रतिशत नकदी के रूप में लिया गया। पिछले 3 लोकसभा चुनावों में भी 44 फीसदी चंदे की धनराशि नकदी के रूप में ली गई। राजनीतिक दल उस 75 फीसदी चंदे का हिसाब देने को तैयार नहीं हैं, जिसे वे अपने खातों में अज्ञात स्रोतों से आया दर्शा रहे हैं। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 में व्यापारिक घरानों के चुनावी न्यासों से दलों को 177.40 करोड़ रुपए चंदे के रूप में मिले हैं। 2013 में संप्रग सरकार ने कंपनियों को चुनावी ट्रस्ट बनाने की अनुमति दी थी। ये आंकड़े उसी के परिणाम हैं। चंदे में पारदर्शिता जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
रमेश शर्मा

# क्रांतिकारियों के प्रेरणास्रोत रहे राष्ट्रभक्त परमानन्द

सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी भाई परमानन्द का जन्म 4 नवम्बर 1870 को झेलम जिले के करियाला गाँव में हुआ। यह क्षेत्र अब पाकिस्तान में है। भाई जी के परिवार की पृष्ठभूमि राष्ट्र और संस्कृति के लिये बलिदान की रही है। गुरु तेगबहादुर के साथ अपने प्राणों की आहुति देने वाले भाई मतिदास इन्हीं के पूर्वज थे। उनके परिवार की ऐसी कोई पीढ़ी नहीं जिसने इस राष्ट्र के लिये बलिदान न दिया हो। इनके पिता ताराचंद ने अपनी किशोर वय में 1857 की क्रान्ति के संदेश वाहक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उस क्रान्ति की असफलता के बाद वे आर्य समाज से मिलकर साँस्कृतिक गौरव जागरण के काम में लग गये थे। इसलिये राष्ट्र और संस्कृति के समर्पण के संस्कार भाई परमानन्द जी को बचपन से मिले थे। भाई जी ने इसी परंपरा को आगे बढ़ाया। वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। एक ओर जहाँ आर्यसमाज और वैदिक धर्म के अनन्य प्रचारक थे, वहीं एक आदर्श शिक्षक, इतिहास, संस्कृति और साहित्य मनीषी के रूप में भी उनकी ख्याति थी। सरदार भगत सिंह, सुखदेव, पं॰ राम प्रसाद 'बिस्मिल', करतार सिंह सराबा जैसे असंख्य राष्ट्रभक्त युवकों के वे प्रेरणा स्त्रोत थे। आपने हिंदी में भारत का इतिहास लिखा है। इतिहास-लेखन में आप राजाओं, युद्धों और केवल जीवनवृत्त विवरण को ही प्रधानता नहीं देते थे। वे भारत की परंपराओं और सांस्कृतिक गौरव से समाज को अवगत कराना चाहते थे। वे कहते थे कि इतिहास मानवीय भावनाओं, इच्छाओं, आकांक्षाओं, संस्कृति गौरव एवं सभ्यता की गुणवत्ता को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। 1902 में भाई परमानन्द ने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और लाहौर के दयानन्द एंग्लो महाविद्यालय में शिक्षक नियुक्त हो गये।

भारत की प्राचीन संस्कृति तथा वैदिक धर्म में आपकी रुचि देखकर महात्मा हंसराज ने आपको भारतीय संस्कृति का प्रचार करने के लिए अक्टूबर 1905 में अफ्रीका भेजा। डर्बन में भाई जी की गांधीजी से भेंट हुई। अफ्रीका में आप तत्कालीन प्रमुख क्रांतिकारियों सरदार अजीत सिंह, सूफी अंबाप्रसाद आदि के संर्पक में आए। इन क्रांतिकारी नेताओं से संबंध तथा कांतिकारी दल की एक्टिविटी पुलिस की दृष्टि से छिप न सकी। अफ्रीका से भाई जी लन्दन चले गए। वहाँ उन दिनों श्यामजी कृष्ण वर्मा तथा विनायक दामोदर सावरकर क्रान्तिकारी कार्यों में सक्रिय थे। भाई जी इन दोनों के सम्पर्क में आये। और एक संकल्प लेकर 1907 में भारत लौटे। लौटकर दयानन्द वैदिक महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ वे युवकों में राष्ट्र और सांस्कृतिक गौरव बोध जगाने के कार्य में जुट गये। इसी बीच सरदार अजीत सिंह तथा लाला लाजपत राय से उनकी निकटता बढ़ी। इससे वे पुलिस की नजर में आ गये। 1910 में पुलिस ने उन्हे लाहौर से गिरफ्तार कर लिया, किन्तु कोई आरोप प्रमाणित न हो सका और वे जमानत पर रिहा हो गये। रिहाई के बाद भाई जी अमेरिका चले गये। वहाँ जाकर प्रवासी भारतीयों के बीच वैदिक धर्म के प्रचार अभियान में जुट गये। वहाँ आपकी भेंट प्रख्यात क्रांतिकारी लाला हरदयाल से हुई। भाई जी पुनः 1913 में भारत लौटे और लाहौर में क्रान्ति के लिये युवकों की टोली तैयार करने में जुट गये। उन्होंने 1914 में 'तवारिखे-हिन्द' नामक ग्रंथ की रचना की जो इतिहास की एक प्रेरणादायी पुस्तक है।



भारत में क्रांति करने के उद्देश्य से गदर पार्टी का गठन किया गया। भाई जी 25 फरवरी 1915 गिरफ्तार कर लिये गये। उनके विरुद्ध अमेरिका तथा इंग्लैण्ड में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध षड्यन्त्र रचने, करतार सिंह सराबा तथा अन्य अनेक युवकों को सशस्त्र क्रान्ति के लिए प्रेरित करने, आपत्तिजनक साहित्य की रचना करने जैसे आरोप लगे और फाँसी की सजा सुना दी गई। इसकी प्रतिक्रिया देश भर में हुई। पुनर्विचार याचिका भी लगी और फाँसी की सजा आजीवन कारावास में बदल गई। दिसम्बर, 1915 में अण्डमान जेल भेज दिया गया। अण्डमान की काल कोठरी में भाई जी ने 'मेरे अन्त समय का आश्रय' नामक ग्रन्थ की रचना की। जेल में बंदियों पर होने वाले अमानवीय अत्याचारों के विरुद्ध भाई जी ने दो महीने का भूख हड़ताल की। गान्धीजी को जब कालापानी में इन अमानवीय यातनाएँ दिए जाने का समाचार मिला तो उन्होंने 19नवम्बर 1919 के यंग इंडिया में एक लेख में इन यातनाओं की भर्त्सना की। उन्होंने भाई जी की रिहाई की भी माँग की।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति।

## जिन लोगों में मतभेद हैं, वे सफलता नहीं पाते




संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे।पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जूठे सपने के टूटने का दर्द**

समाजसेवी अण्णा हजारे का दर्द भी छलक आया। जिस समयावधि से उन्होंने भ्रष्टाचार के विरूद्ध एलान किया था, उसी राजघाट पर उनके सहयोगी रहे लोगों के पोस्टर चस्पा हो रहे थे। मजबूरन अण्णा ने अरविन्द केजरीवाल को पत्र लिखकर पूछ ही लिया कि आखिर आपमें और बाकी सबमें अंतर क्या है। अण्णा निस्वार्थ सत्याग्रही है।इसके बावजूद उम्मीद थी कि शायद अरविन्द एक ईमानदार राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करेंगे।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### सामूहिक प्रयास जरूरी



जलवायु परिवर्तन की विकराल समस्या को देखते हुए एक समग्र और सामूहिक प्रयास की जरूरत है। न केवल पर्यावरण संरक्षण, बल्कि मानवता के अस्तित्व के संरक्षण के लिए भी, हमें जनजातीय समुदायों के जीवन-मूल्यों को अपनाना होगा।

-द्रोपदी मुर्म, राष्ट्रपति

### मंत्र जाप एवं जीवनशैली



समुद्र में छिपि मूल्यवान मणि मुक्ताओं और रत्नों की भांति मनुष्य के अन्तःकरण में भी अतुल्य सामर्थ्य और सद्प्रवृत्तियां समाहित हैं, जो सत्संग-स्वाध्याय, मंत्र जाप एवं जीवन शैली द्वारा अभिव्यक्त होती है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### पेमेंट रोक दिया



केंद्र सरकार का स्मॉग टावर क्यों बंद है, इसका जवाब वही देंगे। दिल्ली का स्मॉग टावर काम कर रहा था जिसकी 2 साल बाद रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सबमिट करनी थी। अश्वनी कुमार के डीपीसीसी चेयरमैन बनने के बाद उन्होंने आईआईटी और अन्य एजेंसियों का भी पेमेंट रोक दिया।

-गोपाल राय, मंत्री दिल्ली सरकार

### मोक्ष भूमि के दर्शन



आज बाबा सोमनाथ जी के दर्शन किए, साथ ही कर्मचारियों के सहयोग से सोमनाथ के राम मंदिर में जाना हुआ, वहां राम नाम पुस्तक में राम जी का नाम लिखा, उसके बाद श्री कृष्ण मोक्ष भूमि के दर्शन किए।

-कंगना रानौत, अभिनेत्री




## करंट अफेयर

### अमेरिका में अवैध रूप से घुसते 97 हजार भारतीय गिरफ्तार



अमेरिका में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच गैरकानूनी रूप से सीमा पार कर घुसने के आरोप में रिकॉर्ड 96,917 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (यूसीबीपी) विभाग के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। गैरकानूनी रूप से अमेरिकी सीमा पार करते हुए पकड़े गए भारतीयों की संख्या में पिछले वर्षों के मुकाबले पांच गुना वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार, 2019-20 में 19,883 भारतीय पकड़े गए। 2020-21 में 30,662 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया था जबकि 2021-22 में यह संख्या 63,927 थी। अक्टूबर 2022 से इस साल सितंबर तक गिरफ्तार 96,917 भारतीयों में से 30,010 को कनाडाई सीमा पर और 41,770 को मेक्सिको के साथ लगती अग्रिम सीमा पर पकड़ा गया। वित्त वर्ष 2023 में 84,000 भारतीय वयस्क गैरकानूनी रूप से अमेरिका में आए। गिरफ्तार लोगों में 730 नाबालिग भी शामिल हैं। अमेरिकी सरकार का वित्त वर्ष एक अक्टूबर से 30 सितंबर तक होता है। इस बीच, सीनेटर जेम्स लैंकफोर्ड ने बृहस्पतिवार को सीनेट में कहा कि ये लोग मेक्सिको तक पहुंचने के लिए फ्रांस जैसे देशों से करीब चार बार उड़ानों में सवार होते हैं और फिर गिरोहों की मदद से सीमा तक पहुंचने के लिए, बस में सवार होते हैं।

## ऑफ बीट

### पूरी दुनिया बांझपन की समस्या से जूझ रही



करीब एक वर्ष पहले फिलीपीन में आठ अरबवें व्यक्ति ने जन्म लिया था। मात्र 11 वर्षों में दुनिया की आबादी एक अरब तक और बढ़ चुकी है। यह सुनने में भले ही अजीबो-गरीब लगता हो लेकिन यह जानना बहुत ही जरूरी है कि पूरी दुनिया बांझपन की समस्या से जूझ रही है। असल बात यह है कि पिछले 60 वर्षों में वैश्विक जन्म दर प्रति महिला 5.3 से घटकर 2.3 हो गई है। बहुत से लोग इसे आधुनिक जीवन शैली के रूप में देख रहे हैं, जहां बहुत से दंपति अपने जीवन में काफी देर से बच्चों को जन्म देने की योजना बनाते हैं या फिर कम बच्चे पैदा करते हैं। इस तरह के विकल्प जायज भी हैं और यह दुनियाभर में विशेष रूप से अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करने में योगदान देते हैं। हालांकि यह पूर्ण रूप से सत्य नहीं है। 'पसंद-नापसंद' की आड़ में असलियत छिप सी गई है। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) का अनुमान है कि छह में से एक दंपति बांझपन का शिकार है। डब्ल्यूएचओ ने अप्रैल में एक रिपोर्ट में दावा किया था कि 17.5 प्रतिशत व्यस्क आबादी बांझपन का शिकार है और यह संख्या साल दर साल बढ़ रही है।

# 5 लाख मंदिरों में एक साथ होगी पूजा, हर जाति के लोग होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां बन रहे राम मंदिर का सजीव प्रसारण देश के पांच लाख छोटे-बड़े मंदिरों में एक साथ किया जाएगा। इसमें हिंदुओं के हर समुदाय के मंदिर शामिल होंगे। इसके लिए अभी से संत रविदास मंदिर, कबीर मंदिर, भगवान वाल्मीकि मंदिर, नाथ संप्रदाय के मंदिर और अन्य समुदायों के मंदिरों के प्रमुखों से बातचीत करना शुरू करना शुरू कर दिया गया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का लक्ष्य है कि राम मंदिर उद्घाटन के जरिये हिंदू समुदायों को एक दूसरे के करीब लाया जाए और जातिगत सोच को समाप्त करने का प्रयास किया जाए।



- सभी लोगों को आमंत्रित कर विहिप तोड़ेगी जातिगत बाधा
- सभी समुदायों के मंदिरों के प्रमुखों से कर रही बातचीत
- परिषद के संयुक्त महासचिव ने एक साथ चलने पर दिया जोर

## विश्व हिंदू परिषद जातिगत सोच को समाप्त करने का कर रहा प्रयास

### पहले भी किया जा चुका सफल प्रयोग

डॉ. सुरेंद्र जैन के अनुसार इसके पहले जब पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने जातिगत आरक्षण लागू कर हिंदू समुदाय को विभिन्न जातियों में बांटने की कोशिश की थी, उस समय भी विहिप ने चरण पादुका पूजन कार्यक्रम चलाया था। देश के हर समाज, हर जाति के लोग जुड़े और जातिगत दूरी को कम करने में मदद मिली। इसी राम मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि अभियान की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम से भी देश के करोड़ों हिंदू परिवार जुटे और जातिगत दूरी पीछे रह गई। उन्होंने कहा कि जब-जब राम की बात आती है, पूरा देश जातिगत दूरियों को भूलकर एक हो जाता है।

### सभी साथ चलेंगे तो विजय मिलना तयः डॉ.जैन



विहिप के संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने बताया कि भगवान राम के जीवन का एक सबसे बड़ा संदेश यही है कि हर समाज के लोगों को साथ लेकर आगे चलने से ही विजय मिलती है। लेकिन, राजनीतिक स्वार्थवश कुछ राजनीतिक दल और कुछ नेता हिंदू समाज को जातियों में बांटने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे समय में हिंदू समाज को एक करने की आवश्यकता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि उद्घाटन के दिन राम मंदिर से ही यह संदेश जाना चाहिए कि पूरा हिंदू समाज एक है और वे इसी के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### विपक्ष भी नहीं कर पाएगा इसका विरोध

भाजपा 2024 में लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता में आने की तैयारी कर रही है। विपक्ष के जातिगत जनगणना और ओबीसी समुदाय की भागीदारी के दांव से भाजपा की राह मुश्किल हुई है। यह उसके लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी बाधा भी बन सकता है। भगवा खेमे के आलोचकों का कहना है कि राम मंदिर के उद्घाटन के जरिए भाजपा विपक्ष के इसी हमले से बचने की काट खोज रही है।

## खबर संक्षेप

### मंडी में खाई में गिरी जीप, 5 लोगों की मौत



**मंडी।** जिले के करसोग उपमंडल के अलसिंडी के पास एक जीप खाई में गिर गई। हादसे में 4 महिलाओं और जीप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को सुन्नी अस्पताल ले जाया गया। मृतक महिलाएं महिला मंडल की सदस्य बताई जा रही हैं। सभी किसी समारोह में शामिल होने जा रही थीं।

### केंद्रीय मंत्री विस्तारा में 'गंदगी' देख हुए नाराज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर जैसे ही विस्तारा की फ्लाइट में चढ़े, वहां केबिन के फर्श पर पड़ी पानी की बोतलें और बिस्कुट का आधा टुकरा और कुछ खाया हुआ खाना देखकर वे निराश हो गए। उन्होंने इसे अपने सेल फोन के कैमरे में कैद किया और सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर की।

### सीएमओ कैंपस में गैस रिसी, कई छात्राएं बीमार



**मथुरा।** बड़ी खबर यूपी के मथुरा से है जहां के जिला अस्पताल में गैस का रिसाव हुआ है। अस्पताल स्थित सीएमओ दफ्तर में क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ है। गैस के रिसाव से 18 छात्राओं की हालत खराब बताई जा रही है। स्टोर में सिलेंडर रखा गया था जिसके कारण गैस रिसने लगी। हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई।

### रवींद्र वायकर के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया मामला



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर उद्धव ठाकरे के करीबी और यूबीटी शिवसेना के नेता रवींद्र वायकर हैं। ईडी ने बीएमसी के साथ समझौते का उल्लंघन कर मुंबई के जोगेश्वरी में एक लग्जरी होटल के निर्माण के संबंध में शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया है।

**महिला आरक्षण पर सुप्रीम टिप्पणी :** याचिकाकर्ता का कहना कि इस पर अमल लोकसभा चुनाव से पहले हो

# कानून के जनगणना के बाद लागू होने वाले 'हिस्से को रद करना' है मुश्किल



महिला आरक्षण कानून को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले अमल करने की अर्जी कांग्रेसी नेता जया ठाकुर की ओर से दाखिल की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिला आरक्षण कानून को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले अमल करने की मांग वाली याचिका को लंबित याचिका के साथ जोड़ने का फैसला लिया है। अदालत का कहना है कि महिला आरक्षण कानून के उस हिस्से को रद्द करना 'बहुत मुश्किल' होगा, जिसमें कहा गया है कि इसे जनगणना के बाद लागू किया जाएगा।

महिला आरक्षण कानून को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले अमल करने की अर्जी कांग्रेसी नेता जया ठाकुर की ओर से दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि यह अब कानून बन गया है, लेकिन कहा गया है कि यह परिसीमन के बाद लागू होगा। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी कि इस मामले में निर्देश दिया जाए कि इस पर अमल लोकसभा चुनाव से पहले हो।

**पीठ ने कहा** कि इस मामले में शीर्ष अदालत के समक्ष एक याचिका लंबित है। उस लंबित याचिका के साथ ही कोर्ट जया ठाकुर की याचिका पर 22 नवंबर को सुनवाई करेगी।

याचिकाकर्ता ने कहा कि कानून का वह हिस्सा जो कहता है कि इसे जनगणना के बाद लागू किया जाएगा, मनमाना है और इसे खत्म किया जाना चाहिए।

### पीठ ने कहा कि जो कदम उठाया गया है, वह बहुत ही अच्छा है।



### शीर्ष अदालत का नोटिस जारी करने से

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि इस मामले में शीर्ष अदालत के समक्ष एक याचिका लंबित है। उस लंबित याचिका के साथ ही जया ठाकुर की याचिका पर 22 नवंबर को सुनवाई करेगी। ठाकुर की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की दलील को स्वीकार करने से इनकार करते हुए पीठ ने कहा कि जो कदम उठाया गया वो बहुत अच्छा कदम है।

**पीठ का जवाब...**

### पहले सीटें आरक्षित करनी होंगी

इस पर पीठ ने कहा कि अदालत के लिए ऐसा करना बहुत मुश्किल होगा। हम आपके तर्क को समझ गए हैं। आप कह रहे है कि महिला आरक्षण के लिए जनगणना की जरूरत नहीं है, लेकिन बहुत सारे मामले हैं। पहले सीटें आरक्षित करनी होंगी। साथ ही अन्य भी काम करने होंगे।

### जया ठाकुर के वकील का तर्क..

### महिला आरक्षण पर जनगणना का सवाल कहां उठता है?

वकील ने कहा था कि यह समझा जा सकता है कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के लिए आंकड़े जुटाने के लिए जनगणना की आवश्यकता होती है, लेकिन आश्चर्य है कि महिला आरक्षण के मामले में जनगणना का सवाल कहां उठता है। सिंह ने कहा कि कानून का वह हिस्सा जो कहता है कि इसे जनगणना के बाद लागू किया जाएगा, मनमाना है और इसे खत्म किया जाना चाहिए।

### याचिका खारिज नहीं पर लंबित मामले से जोड़ी जा रही

विकास सिंह ने इसके बाद नोटिस जारी करने और याचिका को अन्य मामले के साथ सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। इस पर अदालत ने कहा कि वह याचिका को खारिज नहीं कर रही है, न ही नोटिस जारी कर रही है। इसे केवल लंबित मामले के साथ जोड़ रही है।

**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की सख्ती**

# अब नोडल अधिकारी फिल्म पाइरेसी पर कसेंगे नकेल



- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म पाइरेसी पर नकेल कसने के लिए भारत सरकार ने नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। फिल्म उद्योग को पाइरेसी से हर साल 20 हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है।फिल्म पाइरेसी रोकने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने देश भर में 12 नोडल अधिकारी पाइरेसी के खिलाफ नियुक्त किए हैं। अब फिल्म चोरी को रोका जा सकेगा।

खास बात यह है कि इन्हीं की मदद से हर साल भारतीय फिल्म उद्योग का होने वाला भारी नुकसान भी रोका जा सकेगा। ये अधिकारी पाइरेसी के खिलाफ शिकायतें प्राप्त करेंगे और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पाइरेटेड सामग्री को हटाने के निर्देश देंगे। सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) अधिनियम का उद्देश्य फिल्म चोरी पर अंकुश लगाना है। इस अधिनियम में साल 1984 में अंतिम महत्वपूर्ण संशोधन किया गया था।

### पाइरेसी से हर साल 20,000 करोड़ की हानि

इस साल के मानसून सत्र के दौरान संसद ने सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 1952 पारित किया है। फिल्म उद्योग को पाइरेसी से हर साल 20,000 करोड़ का नुकसान हो रहा है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को बताया कि अभी तक कॉपीराइट अधिनियम और आईपीसी के तहत कानूनी कार्रवाई को छोड़कर पाइरेटेड फिल्मी सामग्री पर सीधे कार्रवाई करने के लिए कोई संस्थागत तंत्र नहीं था।

### फिल्म इंडस्ट्री को मिलेगी राहत

इंटरनेट के प्रसार और लगभग हर कोई मुफ्त में फिल्मी सामग्री देखने में रुचि रखता है, जिसके कारण पाइरेसी में तेजी देखी गई है। अब इन 12 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के बाद पाइरेसी के मामले में तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी और उद्योग को राहत मिलेगी। इनमें से दो नोडल अधिकारी मुख्यालय में बैठेंगे और मुंबई सहित कई क्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून से फिल्म उद्योग को लाभ होगा और दुनिया में भारत की सॉफ्ट पावर की ताकत को भी बढ़ावा मिलेगा।

**शाह ने किया जारी : छत्तीसगढ़ में भाजपा ने घोषित किया 'संकल्प पत्र', इसे 'मोदी की गारंटी' बताया**

# 3100 में धान खरीदी, 500 में गैस सिलेंडर, मजदूरों को मिलेंगे 10 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। पार्टी ने इसे 'मोदी की गारंटी' नाम दिया है। रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का मेनिफेस्टो लॉन्च किया।

गृहमंत्री शाह ने किसानों, महिलाओं से लेकर छात्रों तक के लिए कई ऐलान किए। भाजपा ने अपनी घोषणा पत्र में 3100 रुपए में धान खरीदी, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, मजदूरों को 10 हजार, विवाहित महिलाओं को 12 हजार रुपए सालाना देने का वादा किया है। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारा घोषणा पत्र नहीं, संकल्प पत्र होता है. गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी सरकार ने 15 साल में छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य से अच्छे राज्य में तब्दील किया गया। अब फिर से चुनाव आया है। छत्तीसगढ़ की जनता परिवर्तन करने जा रही है। हम छत्तीसगढ़ को संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का काम करेंगे। छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से बाहर लाना का काम भाजपा ने किया है।

## विवाहित महिलाओं को 12000 रुपए रामलला दर्शन योजना का किया वादा



### 'संकल्प पत्र' की बड़ी बातें

- हर विवाहित महिला को हर साल 12 हजार रुपए दिया जाएगा
- 18 लाख पीएम आवास योजना का घर
- तेंदूपत्ता 5500 रुपए प्रति मानक बोरा में खरीदी
- अतिरिक्त संग्रह करने वाले 4500 रुपए बोनस
- आयुष्मान भारत योजना इसके साथ 10 लाख रुपए तक हेल्थ स्कीम दिया जाएगा
- 500 नए जन औषधि केंद्र खोलेंगे,सस्ते दवाई मिलेगी
- पीएससी में घोटाला नहीं होगा और जिन्होंने घोटाला किया,. उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी
- एनसीआर की दर्ज पर एचसीआर बनाया जाएगा, रायपुर दुर्ग भिलाई को मिलाएंगे

## वाराणसी में संस्कृति संसद सम्मेलन



**वाराणसी।** शुक्रवार को वाराणसी में संस्कृति संसद सम्मेलन 2023 के दौरान धार्मिक नेता।

# आयुर्वेद डॉक्टर एलोपैथी डॉक्टर के समान वेतन के हकदार नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की रिव्यू पिटिशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने उस फैसले के खिलाफ दायर रिव्यू पिटिशन को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि आयुर्वेद डॉक्टर एलोपैथी डॉक्टरों के समान वेतन के हकदार नहीं हैं।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज की पीठ ने कहा, हमने 26 अप्रैल 2023 के फैसले और आदेश का अध्ययन किया है, जिसकी समीक्षा की मांग की गई है। फैसले में कोई गलती नहीं है, समीक्षा का कोई आधार नहीं है। मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (आयुर्वेद) गुजरात राज्य बनाम संघ मामले में न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ द्वारा 26 अप्रैल को दिए गए फैसले के खिलाफ पिटीशन दायर की गई थीं।

### गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को किया था रद्द



फैसले ने गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें कहा गया था कि मेडिसिन और सर्जरी में बैचलर ऑफ आयुर्वेद की डिग्री रखने वाले चिकित्सकों को एमबीबीएस डिग्री रखने वाले डॉक्टरों के बराबर माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट नेकहा था कि एमबीबीएस डॉक्टरों को जटिल सर्जिकल प्रक्रियाओं में सहायता करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यह एक ऐसा कार्य है जिसके लिए आयुर्वेदिक डॉक्टर सक्षम नहीं हैं।

### जटिल सर्जिकल ऑपरेशन नहीं करते आयुर्वेद डॉक्टर

न्यायालय ने विस्तार से कहा कि हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि चिकित्सा की प्रत्येक वैकल्पिक प्रणाली का इतिहास में अपना गौरवपूर्ण स्थान हो सकता है, लेकिन आज, चिकित्सा की स्वदेशी प्रणालियों के चिकित्सक जटिल सर्जिकल ऑपरेशन नहीं करते हैं।

**6-12 तक के कोर्स में मतदाता शिक्षा और चुनावी साक्षरता एकीकृत होगा**

# चुनावी साक्षरता बढ़ाने ईसीआई-शिक्षा मंत्रालय में समझौता

## मतदाताओं की सार्वभौमिक और प्रबुद्ध भागीदारी को प्रोत्साहित करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और शिक्षा मंत्रालय ने देश भर की कक्षाओं में चुनावी साक्षरता लाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत स्कूल और कॉलेज के छात्र जल्द ही चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं के रूप में अपनी भविष्य की भूमिका और कर्तव्यों के बारे में जानेंगे।

इस एमओयू का उद्देश्य सभी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक के पाठ्यक्रम में मतदाता शिक्षा और चुनावी साक्षरता को एकीकृत करना है। स्कूलों और कॉलेजों में ईसीआई के प्रमुख व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी का विस्तार करना है। इसका उद्देश्य चुनावों में भावी मतदाताओं की सार्वभौमिक और प्रबुद्ध भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

### स्कूलों में डेमोक्रेसी रूम तैयार किया जाएगा




प्रत्येक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक कमरे को मतदाता शिक्षा सामग्री के नियमित प्रदर्शन और पूरे वर्ष सतत चुनावी और लोकतंत्र शिक्षा गतिविधियों के संचालन के लिए लोकतंत्र कक्ष के रूप में डिजाइन किया जाएगा। यह छात्रों को भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं को सीखने, चर्चा करने और उनमें भाग लेने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। यह कदम स्कूलों में छात्रों को उनके पहले वोट, लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रारंभिक उम्र में शामिल होने वाले लोकाचार के लिए तैयार करेगा। शिक्षा परिषद चुनावी साक्षरता पर सामग्री शामिल करने के लिए पाठ्यपुस्तकों को पेश और नवीनतम विचारों और मान्यताओं के अनुकूल करेगी और राज्य शिक्षा बोर्डों और अन्य बोर्डों को भी इसका पालन करने की सलाह देगी।

### लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत

इसके अलावा सतत चुनावी और लोकतंत्र शिक्षा के एक अहम पहलू के रूप में शहरी और युवा मतदाताओं के बीच उदासीनता जैसे मुद्दों को भी संबोधित करना है। यह एकीकरण भविष्य के मतदाताओं को चुनावों में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने, जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देने, सूचित और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों के साथ हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करने के लिए प्रेरित करना है।

### जागरुकता बढ़ाने के लिए होंगी विभिन्न गतिविधियां

यह एमओयू छात्रों के बीच मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है। 18 वर्ष की आयु होने के तुरंत बाद प्रत्येक छात्र को मतदाता पहचान पत्र सौंपने के ईसीआई के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित करना चाहता है। 17 की आयु होने वाले पात्र और भावी छात्रों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए एक संस्थागत ढांचा बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर की राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच महत्वपूर्ण सोच, संचार और नेतृत्व कौशल विकसित करना, जिसमें सूचित बहस और चर्चा में शामिल होना शामिल है।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

उत्तर भारत में ठंड की दस्तक

# लाहौल-स्पीति में तापमान शून्य ने नीचे, जमने लगीं झीलें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर भारत में ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। हालांकि दिल्ली एनसीआर में एयर पॉल्यूशन की वजह से प्रदूषण गंभीर स्तर पर और सूर्य की किरणें भी सीधी नहीं पहुंच रही हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। कई स्थानों पर पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है, पानी का भी जमना शुरू हो गया है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के दो शहरों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। इससे यहां के झील, झरने और अन्य प्राकृतिक जलस्त्रोत जमने शुरू हो गए हैं। मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार चार, पांच व छह नवंबर को मौसम साफ रहेगा। सात नवंबर से एक बार फिर बारिश-बर्फबारी होने का अनुमान है।आठ नवंबर को भी राज्य भर में मौसम खराब रहेगा।

**खास बातें**

- हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में ठंड का असर दिखाना शुरू
- घरों में लगे 90 फीसदी से अधिक नल भी पूरी तरह से जम चुकी
- सात नवंबर से एक बार फिर बारिश-बर्फबारी होने का अनुमान

मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर भारत में ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। कई स्थानों पर पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है, पानी का भी जमना शुरू हो गया है।



**बर्फ में तब्दील हो रहीं झीलें**

शीत मरुस्थल कहे जाने वाली लाहौल घाटी की 14091 फुट ऊंची ढंखर झील, लेह मार्ग पर स्थित 15840 फुट ऊंची सूरजताल झील और पट्टन घाटी की 14000 हजार फुट ऊंची नीलकंठ झील भी बर्फ में तबदील हो रही है। मनाली-लेह मार्ग पर स्थित दीपकताल झील का पानी भी जम गया है। यह झील केलांग से 43 किलोमीटर दूर है। यहां अप्रैल के बाद फिर रौनक लौटेगी। दीपकताल प्रदेश की आकर्षित झील है। मनाली-लेह मार्ग पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए यह एक पड़ाव के रूप में कार्य करती है।

**अन्य जिलों में तापमान की स्थिति**

लाहौल-स्पीति जिला का कुकमसेरी शुक्रवार को राज्य का सबसे ठंडा स्थल रहा। यहां न्यूनतम तापमान -0.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लाहौल-स्पीति के ही जिला मुख्यालय केलांग में न्यूनतम तापमान -0.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अन्य शहरों के न्यूनतम तापमान पर नजर दौड़ाएं तो कल्पा में 3.2, समधो में 3.5, मनाली में 5.4, रिकांगपिओ में 5.7, नारकंडा में 6.2, सियोबाग में 6.8, सराहन में 7, सोलन में 7.8, कुफरी में 8.6, पालमपुर, चंबा व मंडी में 9.5, डल्हौजी में 10, कांगड़ा में 11.7, बरठीं में 12.2, उना में 12.4, जुब्बडहट्टी में 12.5, बिलासपुर में 13, धर्मशाला में 13.2, नाहन में 14.1, पांवटा साहिब व देहरा गोपीपुर में 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**तीन झीलों में बर्फ जमना शुरू**

- 14091 फुट ऊंची लाहौल घाटी की ढंखर झील
- 15840 फुट ऊंची लेह मार्ग पर स्थित सूरजताल झील
- 14000 हजार फुट ऊंची पट्टन घाटी की नीलकंठ झील

**जंगली जानवरों के लिए बढ़ रही मुश्किलें**

ठंड इतनी बढ़ गई है कि ताजा खाना व चाय बनाते ही परोसते-परोसते ठंडा हो रहा है। वीकएंड में सैलानी अब सीधे लाहुल पहुंच रहे हैं। जलस्रोत जमने से वन्य जीव-जंतुओं की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें प्यास बुझाने के लिए रिहायशी इलाकों के समीप नदी-नालों का रुख करना पड़ रहा है।

**खबर संक्षेप**

### रूस करेगा परमाणु बम परीक्षण, दहशत में नाटो

**मास्को।** यूक्रेन युद्ध को लेकर नाटो देशों के साथ चल रहे तनाव के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर



पुतिन ने परमाणु हथियारों को लेकर बड़ा फैसला किया है। पुतिन ने गुरुवार को उस कानून पर हस्ताक्षर कर दिया जिसमें रूस के सीटीबीटी संधि से हटने का ऐलान था। पुतिन के हस्ताक्षर के साथ ही रूस अब इस व्यापक परमाणु परिक्षण निषेध संधि यानि सीटीबीटी से हट गया है। इसके साथ ही अब इस बात की आशंका बढ़ गई है कि रूस अब परमाणु बमों का परीक्षण करने जा रहा है। रूस ने सीटीबीटी से हटने का ऐलान किया है।

### दिल्ली में लागू हुआ ग्रैप-3 कमर्शियल वाहनों पर बैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहंच गया है। शुक्रवार को दिल्ली



के कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार हो चुका है। दिल्ली में ग्रैप-3 लागू किया गया है। ग्रैप-3 की पाबंदिया लगने के बाद दिल्ली में कमर्शियल वाहनों और ट्रकों की एंट्री पर रोक लग गई है। जीआरएपी-3 नॉर्म्स लागू होने के साथ सभी गैर-आवश्यक निर्माण और तोड़फोड़ के कार्यों पर रोक लग गई है। इसके अलावा बीएस-III पेट्रोल और बीएस-VI डीजल वाहनों के लिए दिल्ली में प्रवेश करने पर रोक लग जाएगी।

### भारत-फ्रांस के बीच लैटर ऑफ इंटेंट पर डील

**नई दिल्ली।** लोक प्रशासन और प्रशासनिक सुधार के लिए भारत-फ्रांस के बीच लैटर ऑफ इंटेंट पर



दोनों देशों ने एक डील की है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक सुधारों, सुशासन से संबंधित वेबिनारों, शोध प्रकाशनों, संस्थागत आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों और सुशासन से संबंधित कार्यप्रणालियों के दोहराव पर केंद्रित आदान-प्रदान के लिए किए जाने वाले दौरों के माध्यम से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करना है। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, कार्मिक सुधार होगा।

### इजराइल में मिलिट्री बेस बना रहा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** इजरायल और हमास के बीच जंग के बीच अमेरिका इजराइल में गुप चुप तरीके से



मिलिट्री बेस तैयार कर रहा है। हालांकि, प्रमुख तौर पर यह मिलिट्री बेस ईरान की मिसाइलों से निपटने के लिए बनाया गया है, लेकिन अब हमास युद्ध में भी यह काम आ सकता है। इस बेस से हमास और ईरान, दोनों की ही लंका लगाई जा सकती है। गाजा से सिर्फ 20 मील की दूरी पर इजरायल के नेगेव रेगिस्तान के भीतर एक गुप्त अड्डे के लिए कई मिलियन डॉलर का अनुबंध दिया था।

## मोदी-पुतिन ने फिर यूएस को चिढ़ाया!, रूस ने कच्चा तेल बेचकर कमाए थे रुपए

# रूस ने भारतीय कंपनी को दिया 24 कार्गो जहाज बनाने का 'विशालकाय' ऑर्डर

- चीनी करेंसी में भुगतान का खोज निकाला नया तरीका
- रूस ने अपने खजाने में मौजूद भारतीय रुपयों को करेगा खर्च

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस ने भारत को करोड़ों बैरल कच्चा तेल बेचकर कमाए गए भारतीय रुपयों को खर्च करने का तरीका ढूंढ लिया है। भारत और रूस के बीच पिछले कुछ महीनों से व्यापार में भुगतान को लेकर समस्याएं आ रहीं थीं, क्योंकि रूस के पास भारतीय रुपए का पहाड़ जमा हो गया था और रूस उस रुपये को कहीं खर्च नहीं कर पा रहा था। रूस बार बार भारत पर प्रेशर बना रहा था, कि वो चीनी करेंसी में कच्चे तेल के लिए भुगतान करे, लेकिन भारत ने चीनी करेंसी में भुगतान से इनकार कर दिया था, लेकिन अब लगता है, कि दोनों देशों ने मिलकर नया तरीका खोज निकाला है।

> रूस बार बार भारत पर प्रेशर बना रहा था, कि वो चीनी करेंसी में कच्चे तेल के लिए भुगतान करे, लेकिन भारत ने चीनी करेंसी में भुगतान से इनकार कर दिया था, लेकिन अब लगता है कि दोनों देशों ने मिलकर नया तरीका खोज निकाला है।

**करेंसी के भुगतान पर अड़े थे दोनों देश**

पिछले दिनों रिपोर्ट आई थी कि भुगतान की मुद्रा पर गतिरोध की वजह से एस-400 मिसाइलों (नाटो नॉम डे ग्युरे एसए-21 'ग्रोलर') की दो प्रणालियों की भारत में डिलीवरी में देरी हो रही थी। क्योंकि, रूस भारतीय करेंसी में भुगतान नहीं चाहता था और भारत, चीनी करेंसी में भुगतान के लिए तैयार नहीं था। लेकिन, ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने अब अपने खजाने में मौजूद भारतीय रुपयों को खर्च करने में मदद के लिए भारतीय शिपयार्ड को 24 मालवाहक जहाजों के निर्माण का ऑर्डर दिया है।



**प्रतिबंधो की वजह से व्यापार पर असर**

हालांकि, दोनों देशों को, रूस के खिलाफ लगाए गये पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की वजह से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल रूस के अमेरिका और पश्चिमी देशों में मौजूद विदेशी मुद्रा भंडार को फ्रीज कर दिया गया था और रूस को पश्चिमी देशों के पेमेंट सिस्टम स्विफ्ट नेटवर्क से बाहर कर दिया गया था।

**भारत ने रोक रखा रूस का 2 अरब अमेरिकी डॉलर का भुगतान**

रिपोर्ट में कहा गया है, कि मुद्रा को लेकर भारत और रूस के बीच गतिरोध के कारण भारत से 2 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का भुगतान, पिछले एक साल से ज्यादा समय से रुका हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पेमेंट नहीं मिलने की वजह से, रूस ने स्पेयर पार्ट्स और दो एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की 10 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद के लिए भारत के क्रेडिट को रोक दिया है। पहले, अब दोनों देशों ने अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए एस-400 के लिए भारतीय रुपये में भुगतान करने का फैसला किया था। हालांकि, रूस-यूक्रेन युद्ध ने मास्को को आर्थिक रूप से अलग-थलग कर दिया है।

**गोवा शिपयार्ड लिमिटेड को ऑर्डर**

रिपोर्ट के मुताबिक गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) और रूसी निर्यात केंद्र के बीच सहयोग की घोषणा तब हुई है, जब रूसी अधिकारी एस-400 की बाकी बची दो बैटरियों की डिलीवरी कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए भारत पहुंचे थे। रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है, कि साल 2027 तक, भारत सरकार के स्वामित्व वाली सैन्य जहाज निर्माता जीएसएल, 24 मालवाहक जहाजों का निर्माण पूरा कर लेगी, जो कैस्पियन सागर को पार करेंगे। 25 अक्टूबर को अस्त्रखान में अंतर्राष्ट्रीय मंच के दौरान कैस्पियन इंटरनेशनल इंटीग्रेशन क्लब "नॉर्थ-साउथ" के निदेशक दिमित्री डुबोविक ने इसकी घोषणा की है। इस समझौते को पश्चिमी देशों के रूस पर लगाए गये प्रतिबंधों के बावजूद, व्यापार करने की इच्छा रखने वाले भारत और रूस के लिए फायदे की स्थिति माना जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में, भारत ने रूस को मशीनरी, रसायन, समुद्री उत्पाद और फार्मास्यूटिकल्स सहित 3,139 वस्तुओं का निर्यात किया था, जिनकी कीमत 3.14 अरब अमेरिकी डॉलर थी। आयात के मामले में, भारत ने वित्तीय वर्ष 2022 में रूस से 1,225 वस्तुओं का आयात किया था, जिनमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, कीमती पत्थर और वनस्पति तेल शामिल हैं, जिनकी कीमत 46.21 अरब अमेरिकी डॉलर है।

सीजेआई की फटकार, कहा

## सुप्रीम कोर्ट को बनने नहीं दे सकते 'तारीख पे तारीख' वाली अदालत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में मामलों के टलने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने साफ कर दिया है कि इसे 'तारीख पर तारीख' वाली कोर्ट नहीं बनने दे सकते। उन्होंने कहा कि इससे अदालत की बेहतर होती मामले की फाइलिंग और लिस्टिंग की प्रक्रिया पर भी असर पड़ता है। उन्होंने बार से अपील की है कि मामलों को बहुत जरूरत पर पड़ने पर ही स्थगित किया जाए। शुक्रवार को सीजेआई ने ऐसे मामलों की जानकारी साझा की, जिनके स्थगन की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो महीने में ही 3688 मामलों में एडजर्नमेंट की मांग की गई है। जबकि, अधिकांश मामले तत्काल सुनवाई के लिए थे।

**प्रक्रिया की कर रहा हूं निगरानी**

*उन्होंने कहा कि मैं अदालत में मामले दाखिल होने और पहली बार सुनवाई के लिए आने तक की प्रक्रिया की निगरानी कर रहा हूं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसमें कम से कम लगे। अगर हम इसकी तुलना मेरे पास मौजूद डेटा से करें, तो पता चलता है कि आज 178 स्थगन स्लिप दाखिल हुई है। उन्होंने बताया औसतन रोज 154 स्थगन होते हैं। बीते दो महीनों में कुल 3688 एडजर्नमेंटस हैं।*

**सुनवाई के बाद भी मांगा जा रहा स्थगन**

सीजेआई ने कहा कि इस अवधि में एडजर्न किए गए मामलों की संख्या सूचीबद्ध मामलों से तीन गुना ज्यादा थी। मामलों की सुनवाई जल्द हो रही है, लेकिन उन्हीं मामलों में फिर स्थगन मांगा जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि मैं बार के सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि जबतक बहुत ज्यादा जरूरी न हो, तब तक स्थगन न मांगे। यह कोर्ट तारीख पर अपने तारीख वाली नहीं हो सकती।

चिंता: नागरिकों को न हो नुकसान

## तीसरी बार इजराइल पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन



एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

हमास के खिलाफ इजराइली युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तीसरी बार इजराइल पहुंचे हैं। 7 अक्टूबर को हमास ने दक्षिणी इजराइल पर हमला किया था और उसके बाद इजराइली प्रधानमंत्री ने हमास का नामो-निशान मिटाने के इरादे के साथ जवाबी कार्रवाई की है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए हैं। लिहाजा, गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध में नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को इज़राइल पहुंचे हैं।

**मानवीय विराम का किया आह्वान**

शीर्ष अमेरिकी राजनयिक जॉर्डन में अरब शिखर सम्मेलन में जाने से पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित कई शीर्ष इजरायली अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए इज़राइल से ठोस कदम उठाने की मांग करेंगे, कि फिलिस्तीनी नागरिकों को नुकसान कम हो, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी संघर्ष में मानवीय विराम का आह्वान किया है।

### जर्मनी ने किया हमास पर पूर्ण प्रतिबंध का ऐलान

**बर्लिन।** जर्मनी ने फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है और इजरायल विरोधी और यहूदी विरोधी विचारों को फैलाने के आरोपी फिलिस्तीन समर्थक समूह को भंग करने का



आदेश दिया है। जर्मनी की आंतरिक मंत्री नैन्सी फेसर ने कहा कि उन्होंने हमास और हमास के समर्थन में निकाली जाने वाली रैलियों और किसी भी तरह के हमास समर्थन गतिविधियों पर औपचारिक प्रतिबंध लागू कर दिया है। जर्मनी पहले से ही हमास को आतंकवादी संगठन मानता है। जर्मनी की आंतरिक मंत्री फेसर ने कहा कि हमास के साथ मैंने आज एक आतंकवादी संगठन की गतिविधियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है, जिसका मकदस इजराइल राज्य को नष्ट करना है।

कतर को भारी पड़ा फांसी का ऐलान

## भारत के एक कदम से लगा 100 अरब का जोरदार झटका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों पर इजराइल के लिए जासूसी का आरोप लगाकर उन्हें फांसी की सजा सुनाना कतर को भारी पड़ गया है। भारत सरकार ने कूटनीतिक और कानूनी प्रयास शुरु कर दिए हैं। वहीं दूसरी तरफ कतर को सबक सिखाने के लिए उस पर आर्थिक दबाव भी बनाया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार के ऐसे ही एक कदम से खाड़ी देश कतर को 17 बिलियन डॉलर का चूना लग सकता है।

**कानूनी विकल्प तलाश रहा है भारत**

भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा



सुनाई है। कतर सरकार ने पिछले एक साल से इन भारतीयों को कैद में रख हुआ था। भारत सरकार ने कतर की अदालत के फैसले पर हैरानी जताई है। भारत ने कहा है कि वह इस फैसले को चुनौती देगा। यही नहीं भारत सरकार ने कहा है कि वह हर विकल्प पर विचार कर रही है।

भारतीय सेना के नाम एक और बड़ी उपलब्धि

## लंबी रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल ही में नौसेना के ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण के बाद अब भारतीय सेना ने नई रेंज की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस 450 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेद सकती है। यह सफल परीक्षण अंडमान और निकोबार द्वीप में शुक्रवार को सेना की ब्रह्मोस मिसाइल रेजिमेंट ने पिन प्वाइंट सटीकता के साथ किया। परीक्षण के तहत एक अन्य द्वीप पर लक्ष्य रखा गया था, जिसे मिसाइल ने सटीक निशाना बनाया।

**दुनिया की सबसे तेज ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल**



इससे पहले भारतीय सेना ने 10 अक्टूबर को 450 किमी. या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मारने वाली ब्रह्मोस के संस्करण का परीक्षण किया था। आज हुए परीक्षण के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप में नो-फ्लाई जोन का सुझाव दिया गया था।

**ब्रह्मोस अब तक की सबसे आधुनिक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली**

ब्रह्मोस लैंड-अटैक मिसाइल को चीन के खिलाफ लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तैनात किया गया है। ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस कुछ सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब एयरबेस में तैनात हैं। ब्रह्मोस अब तक की सबसे आधुनिक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली है।

भूटान के राजा का 8 दिवसीय भारत दौरा, सीएम ने किया स्वागत

# चीन से सीमा विवाद पर दोनों देश करेंगे मंथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का गुवाहाटी पहुंचने पर स्वागत किया। यात्रा के दौरान वे पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उनसे मुलाकात करेंगे। भूटान और चीन सीमा विवाद के बीच भूटानी राजा भारत आए हैं। भूटानी राजा 3 से 10 नवंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। भूटान के राजा शुक्रवार से असम की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे।

**खास बातें**

- किंग 3-10 नवंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर
- प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात, वे असम के बाद महाराष्ट्र भी जाएंगे



**सीमा विवाद अहम**

बता दें, पिछले सप्ताह भूटान के विदेश मंत्री टांडी दोरजी ने बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत की थी। भूटान और चीन सीमा विवाद पर भारत की करीब से नजर है। जानकारों की मानें तो नई दिल्ली बीजिंग और थिंपू के बीच जारी बातचीत पर कड़ी नजर रख रहा है।

### इजराइल-फिलिस्तीन के बीच टू स्टेट सॉल्यूशन ही समाधान: जयशंकर



**रोम ।** इजराइल-हमास की जंग पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इटली के राजधानी रोम में अपनी प्रतिक्रिया दी है। सीनेट की विदेश मामलों और रक्षा आयोग की ज्वॉइंटन सेक्रेटरी सत्र के दौरान जयशंकर ने अपने बयान में आतंकवाद को नकारा और कहा कि यह कभी भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि फिलिस्तीन के मसले के हल के लिए टू-स्टेट सॉल्यूशन का विकल्प होना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि 7 अक्टूबर को जो हुआ वह आतंकवाद का एक बड़ा कृत्य है और उसके बाद जो कुछ हुआ, वह पूरे क्षेत्र को एक अलग दिशा में ले गया है। इसके भीतर हमें विभिन्न मुद्दों के बीच संतुलन बनाना होगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## क्रिकेट : सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें मजबूत

# अफगानिस्तान की वर्ल्ड कप में हैट्रिक जीत, नीदरलैंड को सात विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अफगानिस्तान ने आईसीसी वनडे विश्व कप मैच में शुक्रवार को यहां नीदरलैड को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। अफगानिस्तान की सात मैचों में यह लगातार तीसरी और कुल चौथी जीत है। टीम अंक तालिका में आठ अंक के साथ पांचवें स्थान पर आ गई है। टीम को अगले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की मजबूत चुनौती से निपटना है। नीदरलैंड की यह सात मैचों में पांचवीं हार है।

अफगानिस्तान ने नीदरलैंड की पारी में 46.3 ओवर में 179 रन पर समेटने के बाद 31.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया। अफगानिस्तान के लिए कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने 64 गेंद में छह चौकों की मदद से नाबाद 56 रन बनाने के अलावा रहमत शाह के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 गेंद में 74 रन की साझेदारी की। रहमत ने 54 गेंद की पारी में आठ चौके लगाए। अजमतुल्लाह उमरजई ने एक बार फिर बल्ले से प्रभावित करते हुए 28 गेंद में तीन चौकों की मदद से 31 रन की पारी खेली और शाहिदी के साथ चौथे विकेट के लिए 53 गेंद में 52 रन की अटूट साझेदारी की।



### एंजेलब्रेक्ट की फिफ्टी

साइब्रांड एंजेलब्रेक्ट (58 रन) की जुझारू पारी के बावजूद नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 179 रन पर आउट हो गयी। एंजेलब्रेक्ट ने एक छोर से विकेटों के पतन के बाद दूसरे छोर से अफगानिस्तान के स्पिनरों का डट कर सामना किया जिससे टीम 47वें ओवर तक बल्लेबाजी करने में सफल रही। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए।

### अफगानिस्तान 5वें नंबर पर

अफगानिस्तान की टीम लगातार तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है। नीदरलैंड 4 पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर है। डच टीम को सेमीफाइनल में बने रहने के लिए आखिरी दोनों मुकाबले जीतने होंगे। लेकिन टीम के मैच इंग्लैंड और भारत से बाकी हैं, दोनों ही मैच जीतना उनके लिए मुश्किल होंगे। जबकि अफगानिस्तान के 2 मैच साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से बाकी हैं, दोनों मैच में जीतने पर 12 पॉइंट्स के साथ टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें ज्यादा रहेंगी। एक भी मैच हारने पर चांस कम हो जाएंगे और दोनों मैच हारने पर टीम लगभग बाहर ही हो जाएगी।

शीर्ष स्कोरर | शीर्ष विकेट टेकर



क्विंटन डिकॉक
545 रन
दक्षिण अफ्रीका



दिलशान मधुशंका
18 विकेट
श्रीलंका

### वर्ल्ड कप : अंक तालिका

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 14 |
| द. अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 8 |
| न्यूजीलैंड | 7 | 4 | 3 | 8 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 8 |
| पाकिस्तान | 7 | 3 | 4 | 6 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 4 |
| नीदरलैंड्स | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 2 |

**नबी को तीन विकेट :** अफगानिस्तान के लिए मैन ऑफ द मैच नबी ने तीन, नूर अहमद ने दो और मुजीब उर रहमान ने एक विकेट लिया।

### स्कोर बोर्ड

| नीदरलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेस्ली बारेसी पगबाधा मुजीब | 01 | 04 | 0 | 0 |
| मैक्स ओडोड रन आउट | 42 | 40 | 9 | 0 |
| कोलिन एकरमैन रन आउट | 29 | 35 | 4 | 0 |
| साइब्रांड एंजेलब्रेक्ट रन आउट | 58 | 86 | 6 | 0 |
| स्कॉट एडवर्ड्स रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| डी लीडे का अलिखिल बो नबी | 03 | 06 | 0 | 0 |
| जुल्फिकार का अलीखिल बो नूर | 03 | 15 | 0 | 0 |
| वैन बीक स्टं अलीखिल बो नबी | 02 | 13 | 0 | 0 |
| वैन डर मर्व का जदरान बो नूर | 11 | 33 | 0 | 0 |
| आर्यन दत्त नाबाद | 10 | 22 | 0 | 0 |
| पॉल वैन मीकेरेन पगबाधा नबी | 04 | 24 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16, कुल : 46.3 ओवर में 179/10

गेंदबाजी : मुजीब 10-0-40-1, फारूकी 5-0-36-0, उमरजई 3-0-11-0, नबी 9.3-1-28-3, राशिद10-0-31-0, नूर 9-0-31-2.

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का एडवर्ड बो वैन बीक | 10 | 11 | 2 | 0 |
| इब्राहिम जदरान बो वैन डर मर्व | 20 | 34 | 2 | 0 |
| शाह का एवं बो जुल्फिकार | 52 | 54 | 8 | 0 |
| हशमतुल्लाह शाहिदी नाबाद | 56 | 64 | 6 | 0 |
| अजमतुल्लाह उमरजई नाबाद | 31 | 28 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 31.3 ओवर में 181/3

गेंदबाजी : दत्त 8.3-0-49-0, वैन बीक 7-0-30-1, मीकेरेन 5-0-35-1, वैन डर मर्व 5-0-27-1, जुल्फिकार 3-0-25-1, एकरमैन 3-0-12-0.

टेनिस...



## पेगुला डब्लूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में पहुंची

एजेंसी ▶▶| कैनकन

अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने सत्र के अंतिम टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए फाइनल्स में मारिया सकारी को 6-3, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त पेगुला ने राउंड रॉबिन एकल अभियान 3-0 से समाप्त किया। पेगुला ने कैनकन में अभी तक सभी छह सेट जीते हैं और अब वह शनिवार को सेमीफाइनल में खेलेंगी। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इस तरह आठ मैचों में चली आ रही विजयी लय जारी रखी जिसमें पिछले महीने कोरिया ओपन में खिताबी जीत भी शामिल है। नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और एलीना रिबाकिना के बीच मुकाबले से ग्रुप का दूसरा सेमीफाइनलिस्ट तय होगा। दूसरे ग्रुप में सेमीफाइनल के दो स्थान का फैसला अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गॉफ और विम्बलडन चैम्पियन मार्केटा वोंद्रोयूसोवा तथा चार बार की मेजर चैम्पियन इगा स्वियाटेक और तीन बार की ग्रैंडस्लैम उप विजेता ओंस जाबेयूर के बीच होने वाले मुकाबलों से होगा।

## भारतीय टीम 'पीबीजी ईगल्स' के लिए खेलेंगे दानिल मेदवेदेव



***नई दिल्ली।*** *अमेरिकी ओपन चैंपियन (2021) दानिल मेदवेदेव 21 दिसंबर से शुरू हो रहे साल के अंतिम टूर्नामेंट विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के दूसरे सत्र में भारतीय टीम 'पीबीजी ईगल्स' के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे और टीम में उनके साथी रूस के आंद्रे रुबलेव होंगे। भारतीय टीम पुनीत बालान ग्रुप की है जिसने खेलों में विभिन्न लीग में नौ टीमें खरीदी हुई हैं। इस लीग को पूर्व भारतीय खिलाड़ी महेश भूपति का समर्थन प्राप्त है जिसका दूसरा चरण 21 से 24 दिसंबर तक अबुधाबी में खेला जायेगा जिसमें दुनिया के 16 सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस साल विम्बलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे मेदवेदेव ने कहा, 'मैं अबुधाबी में विश्व टेनिस लीग के इस सत्र में जुड़ने से खुश हूं। मैं संयुक्त अरब अमीरात में कई दफा खेल चुका हूं और हमेशा वहां खेलने का आनंद लेता हूं। मैं इस साल वहां सकारात्मक तरीके से साल का अंत करने का लक्ष्य बनाये हूं।'*

## खबर संक्षेप



### उपलब्धियों पर ध्यान लगाने का मंच नहीं

**मुंबई।** श्रीलंका के खिलाफ यहां 82 रन की पारी खेलने के बाद श्रेयस अय्यर आगामी मैचों में भारत के लिए शतक जमाने की उम्मीद लगाये हैं और उनका कहना है कि विश्व कप जैसे मंच पर व्यक्तिगत उपलब्धियां अहम नहीं होती हैं। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट पर 357 रन का बड़ा स्कोर बनाया लेकिन कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं जड़ सका। उसके लिये शुभमन गिल ने 92, विराट कोहली ने 88 और अय्यर ने 81 रन की पारी खेली।

### चोटिल तेज गेंदबाज मेट हैनरी विश्व कप से बाहर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हैनरी दायीं हैमसट्रिंग में चोट के कारण शुक्रवार को वनडे विश्व कप से बाहर हो गये और उनकी जगह काइल जैमीसन को शामिल किया गया। पुणे में बुधवार को न्यूजीलैंड के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के दौरान 31 वर्षीय हैनरी को यह चोट लगी थी और एमआरआई स्कैन में भी पुष्टि हो गयी कि उन्हें 'ग्रेड टू' की चोट लगी है जिससे उबरने में उन्हें कम से कम दो से चार हफ्तों का समय लगेगा। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने बेंगलुरु में कहा, 'हम उसके लिए काफी निराश हैं।'



### हाफ मैराथन को झंडी दिखाएंगे तेंदुलकर

**हैदराबाद।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां हैदराबाद हाफ मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मैराथन में लगभग 8000 लोग भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजक एनईबी स्पोर्ट्स है और उसे तीन श्रेणियों हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर), 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर में आयोजित किया जाएगा। तेंदुलकर ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'जब दौड़ने की बात आती है तो लोग अपने लिए अलग-अलग चुनौतियां तय कर लेते हैं। किसी को अपने अभ्यास कार्यक्रम को जारी रखने की चिंता होती है तो कोई अपने आहार तो कोई फिटनेस के लिए दौड़ता है।



## क्वालीफायर के लिए 28 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुनील छेत्री, गुरप्रीत सिंह संधू और संदेश झिंगन सहित अधिकांश शीर्ष खिलाड़ियों को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए शुक्रवार को मुख्य कोच इगोर स्टिमक द्वारा घोषित 28 सदस्यीय संभावित भारतीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया।

खिलाड़ियों की यह सूची फीफा विश्व कप 2026 के दूसरे चरण और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 प्रारंभिक चरण के संयुक्त क्वालिफिकेशन के शुरुआती दो मैचों के लिए है। ब्लू टाइगर्स (भारतीय टीम) 16 नवंबर को कुवैत सिटी के जाबेर अल-अहमद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ग्रुप ए के अपने शुरुआती मैच में कुवैत का सामना करने के लिए तैयार हैं। टीम इसके बाद 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में कतर से भिड़ने के लिए स्वदेश लौटेंगी। क्वालीफायर से पहले तैयारी शिविर के लिए भारतीय टीम आठ नवंबर को दुबई रवाना होगी।

### संभावित सूची

**गोलकीपर:** अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू, विशाल कैथ। **डिफेंडर:** आकाश मिश्रा, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, निखिल पुजारी, राहुल भेके, रोशन सिंह नाओरेम, संदेश झिंगन, सुभाशीष बोस। **मिडफील्डर:** अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडीस, ग्लेन पीटर मार्टिंस, लालेंगमाविया, लिस्टन कोलासो, महेश सिंह नोरेम, नंदकुमार सेकर, रोहित कुमार, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजाम, उदांता सिंह कुमाम। **फॉरवर्ड :** ईशान पंडिता, लालियानजुआला छांगते, मनवीर सिंह, राहुल कन्नोली प्रवीण, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

### चयन के लिए निशानेबाजी ट्रायल्स मई में होगा



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ पेरिस में 2024 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए निशानेबाजी टीम का चयन करने के लिए अगले साल मई में चार चयन ट्रायल्स का आयोजन करेगा। एनआरएआई की तकनीकी समिति अगले कुछ दिन में निशानेबाजी की सभी स्पर्धाओं के लिए ओलंपिक चयन मानदंडों को मंजूरी दे सकती है लेकिन विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले निशानेबाजों को बोनस अंक दिए जा सकते हैं।

### नेपाल, ओमान ने टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**काठमांडू।** नेपाल और ओमान ने शुक्रवार को यहां एशिया क्वालीफायर के फाइनल में प्रवेश करने के साथ वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओमान ने सेमीफाइनल में बहरीन को 10 विकेट से, जबकि नेपाल ने यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) को आठ विकेट से हराया। ओमान की टीम तीसरी बार टी20 विश्व कप में खेलेगी। टीम 2016 और 2021 में इस टूर्नामेंट का हिस्सा रह चुकी है। दोनों बार टीम की चुनौती हालांकि पहले दौर में खत्म हो गयी थी। नेपाल की टीम ने 2014 के बाद दूसरी बार इस टूर्नामेंट में जगह बनायी है। बांग्लादेश में हुए इस विश्व कप में टीम शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ सकी थी। टी20 विश्व कप में 20 टीमें हिस्सा लेंगी जिसके लिए 18 टीमें तय हो गयी है।

### जिनाभाई ने स्टीपलचेज में राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**पणजी।** गुजरात के सुनील जोलिया जिनाभाई ने 37वें राष्ट्रीय खेलों में शुक्रवार को यहां पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में खेलों का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता तो वहीं कर्नाटक की तैराक नीना वेंकटेश और धीनिधि देसिंघु ने शत प्रतिशत जीत के रिकॉर्ड को बढ़ाते हुए पांचवीं बार पीला तमगा हासिल किया। मेजबान गोवा ने सापेकटेकरा में छह स्वर्ण पदक जीतकर समग्र तालिका में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जहां शीर्ष तीन स्थान में कोइ बदलाव नहीं हुआ। महाराष्ट्र 60 स्वर्ण, 49 रजत और 53 कांस्य सहित कुल 162 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

## आईपीएल नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र से पहले खिलाड़ियों की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में होगी, जबकि टीम में खिलाड़ियों को बनाए रखने की सूची सौंपने की समय सीमा 26 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। आईपीएल के एक अधिकारी ने पीटीआई से इसकी पुष्टि की। आमतौर पर खिलाड़ियों को बरकरार रखने की समय सीमा 15 नवंबर होती है लेकिन शुक्रवार को सभी फ्रेंचाइजी को सूचित किया गया कि खिलाड़ियों को टीम में बनाये रखने की समय सीमा 26 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। आईपीएल के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, " हां इस समय सीमा को 26 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है।" यह भी पहली बार होगा कि आईपीएल के लिए खिलाड़ियों की नीलामी भारत के बाहर आयोजित की जाएगी। आईपीएल के एक अधिकारी ने कहा, "बड़ी संख्या में शादियों के कारण होटल की उपलब्धता एक मुद्दा हो सकती है। यही कारण है कि हमने इसे दुबई में आयोजित करने का फैसला किया है।"

### शुभंकर...




**लखनऊ।** शुक्रवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में नीदरलैंड और अफगानिस्तान के बीच मैच के दौरान आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का शुभंकर।

### मुंबई के लिए खेलेंगे रोमारियो शेपर्ड

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के आल राउंडर रोमारियो शेपर्ड 2024 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स से 'ट्रेड' के बाद शुक्रवार को मुंबई इंडियंस से जुड़ गये। गुयाना के 28 साल के खिलाड़ी को लखनऊ की टीम ने 50 लाख रुपए में खरीदा था और उन्होंने आईपीएल 2023 में महज एक मैच खेला था। आईपीएल मीडिया परामर्श के अनुसार, 'रोमारियो शेपर्ड को मौजूदा टाटा आईपीएल ट्रेडिंग विंडो के दौरान टाटा आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने खरीद लिया।'



## सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए मजबूती से आगे बढ़ रहे कंगारू

# आस्ट्रेलिया पर पलटवार करना चाहेगी इंग्लैंड की टीम

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के लिए इस विश्व कप में हालात बिलकुल ही अलग रहे हैं जहां एक टीम विश्व कप तालिका में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए मजबूती से आगे बढ़ रही है तो वहीं दूसरी निचले पायदान पर है। अब शनिवार को एशेज श्रृंखला की दोनों प्रतिद्वंद्वी टीमें आमने सामने होंगी जिसमें उनकी कोशिश एक दूसरे को हराने की होगी। पांच बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी की बदौलत लगातार चार जीत से अपने खराब अभियान को पटरी पर वापसी करायी जिससे वह आठ अंक लेकर तीसरे स्थान पर चल रही है। गत चैम्पियन इंग्लैंड को अपने बल्लेबाजों की विफलता के कारण चार हार का सामना करना पड़ा और टीम पिछले तीन मैचों में 170 रन या इससे कम के स्कोर पर आउट हो गयी। इस मैच से पहले दोनों टीम अलग अलग तरह की समस्याओं से जूझ रही हैं। आस्ट्रेलिया को अपने दो अहम खिलाड़ियों मिशेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल की अनुपलब्धता के लिए विकल्प ढूंढने होंगे।



### न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को जीत की दरकार

बेंगलुरु। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहा न्यूजीलैंड शनिवार को यहां विश्व कप के अपने महत्वपूर्ण मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा जिसमें दोनों टीम सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश के तहत जीत हासिल करने के लिए बेताब होंगी। टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत के बाद दोनों टीमों का भाग्य बदल गया जिससे दोनों सेमीफाइनल की दौड़ में मुश्किल स्थिति में पहुंच गई। लगातार चार जीत से शुरुआत करने वाली न्यूजीलैंड की लय पर लगाम लग गयी तथा उसे भारत, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से लगातार हार का सामना करना पड़ा। इससे उसके सात मैचों में आठ अंक हैं। वहीं पाकिस्तान की हालत तो और खराब है जिसके सात मैचों में छह अंक हैं। मैदान की निराशा के अलावा न्यूजीलैंड को अपने चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से भी जूझना होगा क्योंकि तेज गेंदबाज मैट हैनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

|| आवश्यकता ||
आपके पसंदीदा अग्रणी अखबार "गरीबों का सितारा" को राजस्थान एवं अन्य राज्यों के प्रमुख जिलों से संपादक एवं ब्यूरो चीफ नियुक्त करने हेतु आवश्यकता है एक्सपर्ट एवं अनुभवी कुशल युवक-युवतियों की।
नोट : अनुभवी, साफ छवि तथा मार्केट में पकड़ रखने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
प्रमोद शर्मा
सम्पादक
Mob. 8233553666
राजेन्द्र शर्मा
प्रधान सम्पादक
Mob. 7733050125
|| सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ||
गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



## 'टाइगर इज बैक' वीडियो देख भूल जाएंगे ट्रेलर

**मुंबई।** अविश्वसनीय रूप से सफल टीज़र, ट्रेलर और पहले गाने लेके प्रभु का नाम के बाद, वाईआरएफ ने आज टाइगर 3 के 50 सेकंड के टाइगर इज बैक वीडियो एसेट के साथ दर्शकों को चौंका दिया। यह सलमान खान उर्फ टाइगर को एक वन-मैन आर्मी के रूप में प्रस्तुत करता है जो एक खलनायक के खिलाफ भारत की रक्षा करता है जो खलनायक इसे किसी भी कीमत पर नष्ट करना चाहता है। दुनिया भर के दर्शकों के लिए, टाइगर 3 वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का एक अवश्य देखा जाने वाला एक्शन शो है, जिसने केवल ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं! यह इस इंटरकनेक्टेड फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म है और एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर और पठान की घटनाओं का अनुसरण करती है।



लाइफ Style

# कंगना राजनीति में एंट्री लेने वाली हैं!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रणौत ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने दम पर पहचान बनाई है। उनकी किसी भी फिल्म में उनका एक्टिंग टैलेंट साफ नजर आता है। अब हाल ही में, कंगना की फिल्म 'तेजस' रिलीज हो चुकी है और इस फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।

हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हुई है। अब एक बार फिर कंगना दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई हैं। कंगना ने राजनीति में एंट्री लेने को लेकर एक बड़ा बयान दिया, जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि अभिनेत्री आगामी लोकसभा चुनाव में लड़ सकती हैं। फिल्म 'तेजस' के फ्लॉप होने के बाद कंगना श्रीकृष्ण की शरण में पहुंच गई है। अभिनेत्री दर्शन करने के लिए द्वारकाधीश मंदिर गई थीं, जहां से उन्होंने कई फोटोज और वीडियो शेयर की हैं, जिसे देखकर वह सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। इसके बाद से ही कंगना का यह बयान खूब ट्रोल हो रहा है। कई यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि कंगना आगामी लोकसभा चुनाव भी लड़ सकती हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में, द्वारकाधीश मंदिर में माथा टेका। एक्ट्रेस ने नागेश्वर महादेव मंदिर में भी दर्शन कर भगवान से आशीर्वाद लिया। इसके बाद एक्ट्रेस ने मीडिया से बातचीत में लोकसभा.चुनाव लड़ने का हिंट दिया। उन्होंने कहा, 'अगर भगवान श्री कृष्ण की कृपा रही तो लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।' कंगना के इस बयान के बाद कयासों का बाजार गर्म होता नजर आया है। अब आगामी चुनावों की लिस्ट की घोषणा के बाद ही पता चलेगा कि क्या कंगना भाजपा की ओर से चुनाव लड़ती हैं या नहीं।

हॉलीवुड मसाला

## रोंगटे खड़े कर देगा किंगडम...



**लॉस एंजिलिस।** बंदरों का साम्राज्य और इंसान गुलाम। सुनने में कुछ अजीब लग सकता है लेकिन आने वाले दिनों में यह मसाला स्क्रीन पर नजर आने वाला है। साल 2023 जितना शानदार रहा है उतना ही 2024 भी होने वाला है, जिसमें एक ऐसी फिल्म आने वाली है। जिसका ट्रेलर देखकर फैंस अभी से ही मूवी को ब्लॉकबस्टर कहते हुए नजर आ रहे हैं। यह फिल्म एक बंदर नेता की कहानी बताती है, जो खोई हुई मानव टैक्नोलॉजी की तलाश में है। यह फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लेनेट ऑफ द ऐप्स' स्टोरी है, जो 2024 को रिलीज होने वाली है।



## सोफी टर्नर पेरेग्रीन को कर रहीं डेट

**लॉस एंजिलिस।** जो जोनस से तलाक के बाद ऐसा लग रहा है कि सोफी टर्नर अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गई हैं। हाल ही में, उन्हें पेरिस में पेरेग्रीन पियर्सन नाम के ब्रिटिश आदमी को किस करते देखा गया। किस के बीच में पेरेग्रीन और सोफी की वायरल हुईं फोटोज ने सनसनी पैदा कर दी है। लेकिन ये सिलसिला यहीं खत्म नहीं हुआ, कुछ घंटों बाद स्टेड डी फ्रांस में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच 'रग्बी वर्ल्ड कप' का फाइनल मैच देखने के दौरान भी उन्हें कैमरे में कैद किया गया। दरअसल, सोफी ने शो में भी हिस्सा लिया था। सोफी के साथ सुर्खियां बटोरने वाला यह ब्रिटिश आदमी कौन है, इसके बारे में हर कोई जानना चाहता है। हालांकि पेरेग्रीन के बारे में काफी कुछ हाथ लगा है। आइए सब बताते हैं।



## स्टाइल में पापा को टक्कर देती है

**मुंबई।** अर्जुन रामपाल और उनकी पहली पत्नी मेहर जेसिया हमेशा ही एक गुड लुकिंग कपल में शामिल रहे थे। अब उन दोनों के बच्चे भी सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटोर रहे हैं। खासतौर से अर्जुन रामपाल और मेहर जेसिया की बड़ी बेटी माहिका रामपाल इन दिनों सोशल मीडिया सेंसेशन बनी हुई है। हाल ही में उनकी एक डैशिंग और हैंडसम लड़के के साथ कुछ वीडियो वायरल हुए हैं। माहिका रामपाल के साथ दिख रहे हैंडसम हंक की बात तो ठीक है खुद माहिका रामपाल को देख फैन्स लट्टू हो रहे हैं। 21 साल की हो चुकी माहिका रामपाल हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज के मॉल जियो वर्ल्ड प्लाजा के लॉन्च इवेंट में दिखी थीं। इस लॉन्च इवेंट में माहिका रामपाल ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आईं। डीप लो कट नेक वाली रॉय ब्लू ड्रेस में माहिका रामपाल बेहद खूबसूरत लग रही थीं।



## शाहरुख की बर्थडे पार्टी में पहुंचे सितारे

**मुंबई।** 2 नवंबर को शाहरुख खान का बर्थडे केवल किंग खान ने ही नहीं फैंस ने भी मनाया। इस मौके पर सोशल मीडिया पर हैप्पी बर्थडे शाहरुख खान ही छाया रहा, जिसके चलते कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो सामने आई। लेकिन अब किंग खान के 58वें जन्मदिन की पार्टी की तस्वीरें सामने आ गई हैं। इनमें करीना कपूर और करिश्मा कपूर पर फैंस की नजरें रुक गई हैं. करीना कपूर ने दोस्तों संग गुरुवार रात मुंबई में शाहरुख खान की 58वीं जन्मदिन की पार्टी की तस्वीरें शेयर कीं। एक फ्रेम में वह बहन करिश्मा कपूर, अमृता अरोड़ा और दोस्तों के साथ पोज देती नजर आ रही हैं, जिसके साथ उन्होंने लिखा, सिनेमा का जश्न... खुद बादशाह और मेरी प्यारी पूजा।

टीवी मसाला

## बालिका परित्याग पर आधारित सीरियल डोरी का प्रीमियर 6 को




**मुंबई।** वाराणसी की पृष्ठभूमि पर आधारित और बालिका परित्याग जैसी सामाजिक समस्या पर प्रकाश डालने वाले शो डोरी एक छह साल की प्यारी बेटी की कहानी है। वह बुनकर मोहल्ले में अपने पालक पिता गंगा प्रसाद के साथ रहती है और जन्म के बाद अपने परित्याग पर सवाल उठाती है। गंगाप्रसाद बेटी पाकर खुद को भाग्यशाली मानते हैं, वहीं वाराणसी के हथकरघा साम्राज्य की मलिका कैलाशी देवी ठाकुर बेटियों को अयोग्य मानती हैं। गंगा प्रसाद की भूमिका निभाने वाले अमर उपाध्याय कहते हैं, ऐसे शो का हिस्सा बनना शानदार अनुभव है, जिसका उद्देश्य दर्शकों का मनोरंजन करने से कहीं अधिक है। यह शो जन्म के समय कन्या को त्यागने की संकीर्ण मानसिकता पर केंद्रित है। शो में कैलाशी देवी ठाकुर की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुधा चंद्रन कहती हैं, मैं डोरी जैसा शो लाने के लिए कलर्स की सराहना करती हूं, जो कुछ प्रचलित सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डालता है। निर्माता जय मेहता और किन्नरी मेहता संयुक्त रूप से कहते हैं, हम डोरी पेश करने के लिए रोमांचित हैं, एक ऐसा शो जो, पिता-बेटी का दिल छू लेने वाला रिश्ता उजागर करता है और दर्शाता है कि कैसे डोरी कैलाशी देवी के खिलाफ अपनी समानता की लड़ाई को आगे बढ़ाती है। डोरी के माध्यम से हमारा उद्देश्य आज भी जारी बालिका परित्याग की समस्या पर प्रभावशाली संवाद शुरू करना है। टीवी शो डोरी का प्रीमियर 6 नवंबर को होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे प्रसारित होगा।

### ईशा की लव लाइफ में आने वाला है बड़ा ट्विस्ट



**मुंबई।** ईशा मालवीय बिग बॉस 17 में अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। सलमान खान के शो में उनके करेंट बॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल और एक्स बॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार हैं। इस हफ्ते इन दोनों बॉयफ्रेंड और ईशा मालवीय के बीच काफी ड्रामा देखने को मिला। जिसके लेकर अब सलमान खान वीकेंड के वार में एक्ट्रेस की जमकर क्लास लगाते हुए नजर आने वाले हैं। साथ ही भाईजान शुक्रवार को ईशा मालवीय से कहे कि वह फैसला करेंगे की शो में किसके साथ रहना चाहती हैं।

## टाइट ड्रेस में दिखाई हुस्न की झलक

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बार्बी डॉल सा फिगर और तीखे नैन-नक्श की मालकिन कटरीना कैफ जब भी तैयार होकर बाहर निकलती हैं, तो नजरें उनकी ओर खिंची चली जाती हैं। ऊपर से अगर ये बाला ऐसे कपड़े पहनी हो, जो उनके कर्व्स को खूबसूरती से उभारने में कामयाब हो जाएं, तो फिर तो बस क्या ही कहने। तब तो लोग उन्हें एक बार नहीं बल्कि बार-बार, पलट-पलटकर देखने को मजबूर हो जाते हैं। बिल्कुल ऐसा ही दिल की धड़कन तेज करने वाला लुक इस हसीना का देर रात को मुंबई के इवेंट में भी नजर आया। क्यूट सी स्माइल देकर और दिल जलाने वाले कपड़े पहनकर कैट ने चुटकियों में अपना दीवाना बना दिया। कैट ने इस बार इवेंट के लिए ऐसी ड्रेस चुनी थी, जिसे पहनने के बाद वो ग्रीक गॉडेस जैसी नजर आ रही थीं।

## डेढ़ मिनट का टीजर उड़ा देगा होश



**मुंबई।** साउथ सिनेमा के दिग्गज एक्टर चियान विक्रम की फिल्म तंगलान का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर देख हर किसी के होश उड़ सकते हैं। चियां विक्रम हमेशा से अपनी अलग फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. पर्दे पर अलग तरह की एक्टिंग भी करते हैं. ऐसा ही कुछ चियान विक्रम अपनी फिल्म तंगलान के साथ करते हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें वह अब तक के अपने काफी अलग लुक में दिखाई दे रहे हैं। तंगलान के टीजर का शुरुआत एक आदिवासी समुदाय के झलक से होती है। इसके बाद टीजर के अंदर विक्रम का लुक देखने को मिलता है, जो काफी अलग है। तंगलान के डेढ़ मिनट के टीजर में सिर्फ एक्शन और एक्शन ही देखने को मिल रहा है। कोई डायलॉग न होने के बावजूद तंगलान का टीजर होश उड़ा देने वाला है। टीजर में शानदार एक्शन हर किसी का दिल जीत लेगा। तंगलान एक पैन इंडिया फिल्म है, जो हिंदी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में अगले साल 26 जनवरी के मौके पर रिलीज होगी।

### आमिर ने थामा सनी देओल का हाथ

*मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित आगामी फिल्म 'लाहौर, 1947' भारतीय सिनेमा की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस पीरियड ड्रामा के साथ इंडस्ट्री के तीन बड़े नाम एक साथ आ रहे हैं, क्योंकि इस फिल्म में सनी देओल, राजकुमार संतोषी और आमिर खान की तिकड़ी पहली बार एक साथ आई है।*



## साउथ का अक्षय साल में चार फिल्में सब सुपरहिट



**मुंबई।** उम्र 63 की लेकिन फिटनेस लाजवाब। साउथ फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम है और मलयालम सिनेमा का सबसे बड़ा स्टार। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म एक्टर मोहनलाल देन रही है। यही नहीं, 63 की उम्र में भी यह एक्टर पूरे साल एक्टिव रहता है और सिनेमा को जीता है। कुछ दिन पहले ही इसने अपनी अगली फिल्म रामबाण का ऐलान किया था तो अब उसने अपनी आने वाली फिल्म नेरू का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है।

### काले चने कोलेस्ट्रॉल कम करने और हृदय स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद कर सकते हैं

# काले चने के नाश्ते से बूढ़े ढांचे में आने लगेगी ताकत

*भेल में अंकुरित बीन्स, उबले काले चने और चटनी के साथ बनाई जाती है। इसमें प्रोटीन और कैल्शियम की अधिक मात्रा होती है जो ऊर्जा देती है। काले चने में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिज होते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। स्प्राउट बीन्स में भी प्रोटीन, फाइबर और विटामिन होते हैं। भेल में ये सभी सामग्री मिलाकर तैयार की जाती है।*

भेल या भेलपुरी मुरमुरे से बना एक लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। भेल को आप कई तरह से बना सकते हैं। लेकिन आज हम प्रोटीन भेल की एक अद्भुत रेसिपी साझा करने जा रहे हैं जो स्प्राउट्स बीन्स, उबले काले चने और चटनी के साथ बनाई जाती है। यह कैल्शियम और प्रोटीन का डबल डोज है और इसे सुबह ब्रेकफास्ट या शाम को स्नैक के रूप में खाने से आपको भरपूर ऊर्जा मिल सकती है। इसमें दो मुख्य चीजों का इस्तेमाल किया जाता है काले चने और बीन्स। यह दोनों ही चीजें सेहत का खजाना हैं।

### काले चने के फायदे

अगर बार करें काले चने की, तो इनमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिज जैसे आवश्यक पोषक तत्व भरे होते हैं। इसके सेवन से मसल्स ग्रोथ होती है, पाचन में सुधार और कब्ज को रोकने में मदद मिलती है, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखा जा सकता है। काले चने कोलेस्ट्रॉल कम करने और हृदय स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद कर सकते हैं। इसमें कैलोरी कम और फाइबर अधिक होता है, जो वजन घटाने में मदद कर सकता है।

### स्प्राउट्स बीन्स के फायदे

*इनमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स जैसे आवश्यक पोषक तत्व भरे होते हैं। यह शरीर के विकास में सहायक है। इसकी फाइबर सामग्री पाचन में सुधार और कब्ज को रोकने में मदद कर सकती है। इसमें मौजूद पोटेशियम और मैग्नीशियम से हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। अंकुरित फलियों में कैलोरी कम और फाइबर अधिक होता है, जो वजन घटाने में भी सहायक है। इसके सेवन से डायबिटीज को कंट्रोल रखने, इम्यूनिटी बढ़ाने और हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा बता रही हैं कि आप इसे कैसे बना सकते हैं।*



### भेल बनाने के लिए सामग्री

- 1 कप अंकुरित बीन्स
- 1 कप काला चना (उबला हुआ)
- 1/2 कप खीरा, कटा हुआ
- 1/2 कप टमाटर, कटा हुआ
- 2 हरी मिर्च, बारीक कटा हुआ
- 1 बड़ा चम्मच भुनी हुई मूंगफली
- 1 बड़ा उबला हुआ आलू (छोटे क्यूब्स में कटा हुआ)
- 1/2 कप अनार के बीज
- 2 बड़े चम्मच ताजा हरा धनिया, बारीक कटा हुआ
- 1 चम्मच चाट मसाला स्वाद काला नमक
- 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस
- 1/2 चम्मच भुना जीरा पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच हरी चटनी
- 1 बड़ा चम्मच मीठी चटनी
- 2 बड़े चम्मच सेव

### कैल्शियम भेल बनाने का तरीका

*एक कटोरे में उबले हुए अंकुरित चने और काले चने लें। इसमें खीरा और टमाटर डालें। अब इसमें मूंगफली, अनार के दाने, उबले आलू, हरी मिर्च, सेव, चाट मसाला, काला नमक, नींबू का रस, हरा धनिया, जीरा पाउडर, हरी चटनी और मीठी चटनी डालें। सभी चीजों को अच्छे से मिला लें। अब इसे एक सर्विंग प्लेट में निकालें और सेव और पापड़ी से सजाकर आनंद लें।*

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com